
UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-145 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) गुरूवार 07 मई 2026 youngbharatE-paper.com


## यूपी के युवाओं के लिए रूस में नौकरी के बड़े मौके, पांच लाख पदों पर सहमति



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** रोजगार की तलाश कर रहे प्रदेश के युवाओं के लिए अब विदेश में नए दरवाजे खुलने जा रहे हैं। रूस में पांच लाख से अधिक नौकरियों के अवसर उपलब्ध कराने को लेकर उच्चस्तरीय सहमति बनी है, जहां कुशल कामगारों को सुरक्षित और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत भेजा जाएगा। भारत-रूस सहयोग की इस पहल में भाषा प्रशिक्षण और युवाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने ठोस रणनीति तैयार की है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।



बुधवार को प्रदेश के श्रम व सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर और मास्को के मंत्री चेर्योमिन सर्गेई के बीच हुई उच्चस्तरीय वीडियो कान्फ्रेंस में रूस में पांच लाख से अधिक रोजगार अवसरों पर सहमति बनी। इसके माध्यम से प्रदेश के कुशल कामगारों को वैधानिक और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत रूस की कंपनियों में रोजगार की स्थिति को देखा गया। मास्को के प्रतिनिधि ने बताया कि उनके यहां निर्माण, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर और कारपेंटर जैसे तकनीकी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कामगारों की जरूरत है। साथ ही सेंट पीटर्सबर्ग में होने वाले आर्थिक फोरम में यूपी के प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित किया गया, जिसे मंत्री अनिल राजभर ने स्वीकार कर लिया। इस फोरम में भविष्य की रणनीति तय की जाएगी। बैठक में युवाओं की सुरक्षा को लेकर फैली आशंकाओं को भी दूर किया गया। रूसी मंत्री ने स्पष्ट किया कि पूरी प्रक्रिया सुरक्षित, पारदर्शी और वैधानिक होगी तथा किसी भी युवक को सेना में शामिल होने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। रूस में रोजगार के लिए भाषा को महत्वपूर्ण बताते हुए रूसी पक्ष ने रूसी भाषा सीखने पर जोर दिया। इस पर प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ. एसएम सुंदरम ने बताया कि सेवायोजन विभाग पहले से जापानी और जर्मन भाषा प्रशिक्षण दे रहा है और जल्द ही रूसी भाषा भी शामिल की जाएगी।

## मतगणना नहीं, मनगणना हो रही है... अखिलेश ने 2027 में जीत का किया दावा

### आईपैक से तोड़ा करार

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए पश्चिम बंगाल चुनाव की मतगणना की सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में 'मतगणना नहीं, मनगणना' हो रही है।



अखिलेश यादव ने लखनऊ में पार्टी मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बीजेपी पर चुनावी धांधली के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, 'डेमोक्रेसी खत्म नहीं हुई है, हमें उसे जिंदा रखना है। 2027 में जनता और कार्यकर्ता मिलकर बड़ी जीत हासिल करेंगे।' उन्होंने मतगणना प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसकी सीसीटीवी लाइव फुटेज सार्वजनिक की जानी चाहिए। कहीं ऐसा न हो कि 5 प्रतिशत का भंडाफोड़ 95 प्रतिशत न करने लगें। अखिलेश यादव ने दावा किया कि चुनावों में 'मल्टी लेयर इलेक्शन माफिया' सक्रिय हैं और कुंदरकी और रामपुर उपचुनाव में 'वोटों की डकैती' हुई। उन्होंने इसे बीजेपी का '10 नंबरी मॉडल' बताते हुए आरोप लगाया कि सत्ता में बने रहने के लिए चुनावी प्रक्रिया से छेड़छाड़ की जा रही है। पश्चिम बंगाल के संदर्भ में उन्होंने कहा कि वहां 'वोट की शर्मनाक लूट' हुई और प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग किया गया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि वह गुरुवार को पश्चिम बंगाल जाएंगे और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी से मुलाकात करेंगे। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि इंडिया गठबंधन बरकरार रहेगा। चुनावी रणनीति को लेकर अखिलेश यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी ने चुनावी कंसल्टेंसी कंपनी आई पैक के साथ करार समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ महीनों तक उन्होंने हमारे साथ काम किया, लेकिन अब फंड की कमी के कारण हम साथ काम नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने चुनावी सर्वे एजेंसियों और कंपनियों पर भी निशाना साधते हुए कहा, 'कुछ लोगों ने सलाह दी कि सी-वोटर, एवीएम और 360 जैसी कंपनियों से जुड़िए, लेकिन ये सब बीजेपी के लिए काम करती हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया, 'कुछ अंडरकवर अधिकारी एक विचारधारा के तहत काम कर रहे हैं, जिनका खुलासा किया जाएगा।' अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 का चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई होगा। पीडीए का वोट सबसे ज्यादा है और बीजेपी के पास उसका कोई जवाब नहीं है। चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, 'मैं कई ऋषि-मुनियों और ज्योतिषियों से मिला हूं। जो पंडित जी कहेंगे, वही करेंगे। 2012 में सरकार बनी थी, 2027 में फिर बनाएंगे।' इस दौरान उन्होंने महिलाओं के लिए पार्टी आधारित आरक्षण की वकालत करते हुए कहा कि पहले जातीय जनगणना होनी चाहिए और उसके आधार पर आबादी के अनुपात में आरक्षण लागू किया जाए।

## सुर्खियां.............

### कामकाजी महिला से अश्लील हरकत, युवक पर एफआईआर

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच।** कस्बे में एक कामकाजी महिला के साथ रास्ते में अश्लील हरकत और छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कस्बे की रहने वाली पीड़ित महिला ने कोतवाली कोंच में दी गई तहरीर में बताया कि वह कस्बे में एक ज्वैलर्स की दुकान पर काम करती है और रोजाना घर से दुकान आती-जाती है।

### ट्रक की टक्कर से दम्पति व पुत्री घायल दो मासूम हुए मामूली चुटहिल

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदाबाद निवासी कमल सिंह 45 वर्ष पुत्र राम नरायन अपनी पत्नी पिंकी 42 वर्ष व तीन बच्चों के साथ बाइक से उरई जा रहे थे। तभी ईदगाह के पास डंपर ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी।

### अराजकतत्व ने खेत के डंठलों में लगाई आग, मकान भी आए चपेट में

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़।** कस्बे के रामेश्वर जी मंदिर के पीछे स्थित खेतों में बुधवार दोपहर किसी अराजक तत्व द्वारा डंठलों में आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, और तेज हवाओं का साथ मिलते ही आग तेजी से फैलती हुई गल्ला मंडी, हैदलपुरा रोड व बंगरा रोड स्थित सेठ गोविंद दास इंटर कॉलेज के पीछे तक पहुंच गई। आग की ऊंची लपटें उठती देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान आग की चपेट में आकर जवाहर नगर निवासी रमेश दौहलिया की खेत पर बनी टिन शेड, छप्पर और बांस-बल्ली जलकर राख हो गई।

## पुलिस 'माननीय' और 'श्री' जैसे शब्दों का उपयोग किसके लिए करे? इलाहाबाद हाईकोर्ट ने समझाया

( यंग भारत न्यूज )

एफआईआर में बीजेपी के सांसद अनुराग ठाकुर के नाम के आगे 'माननीय' या 'श्री' जैसे सम्मानसूचक शब्द न लगाने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस के कामकाज के तरीकों पर करीब एक माह पहले आपत्ति जताई थी। अब इलाहाबाद हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने एक आदेश में यह तय किया है कि किसे इस तरह से संबोधित किया जा सकता है।

**इन लोगों के सम्मान का ध्यान रखे पुलिस**

हाईकोर्ट के जस्टिस जेज मुनीर और जस्टिस तरुण सक्सेना की डिवीजन बेंच ने 30 अप्रैल को मामले की सुनवाई करते हुए कहा, 'केंद्र और राज्य सरकारों के मंत्री, सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जज, स्पीकर, लोकसभा और राज्यसभा के चेयरमैन और इसी तरह राज्य विधानसभाओं के स्पीकर, संसद और विधानसभाओं के सदस्य संबोधन में सम्मानजनक शब्द के इस्तेमाल के हकदार हैं।' हाईकोर्ट का यह आदेश 4 मई को अपलोड किया गया था।



**प्रोटोकॉल के अनुसार रखा जाए ध्यान**

हाईकोर्ट ने कहा है कि कुछ और भी अधिकारी हो सकते हैं जो प्रोटोकॉल के अनुसार सम्मानसूचक शब्द के इस्तेमाल के हकदार हैं। जो कोई भी इस सम्मानजनक शब्द के इस्तेमाल का हकदार है, उसे उसी तरह संबोधित किया जाना चाहिए।'

**संवैधानिक पदाधिकारियों का ध्यान रखा जाए**

बेंच ने कहा, 'यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि 'माननीय' सम्मानजनक शब्द उन संवैधानिक अधिकारियों के नामों के साथ जोड़ा जाना चाहिए जो सरकार के तीन अंगों में से किसी के भी संप्रभु कार्यों का निर्वहन करते हैं।' लेकिन कोर्ट ने यह भी कहा कि कोई भी अधिकारी, चाहे वह कितना भी ऊंचा क्यों न हो, जो एक सिविल सेवक है और 'किसी संप्रभु संवैधानिक पद पर नहीं है, वह इसके इस्तेमाल करने का हकदार नहीं है।' पिछली सुनवाई में कोर्ट ने गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को एक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया था, जिसमें पूछा गया था कि पुलिस ने सम्मानजनक शब्दों के इस्तेमाल के प्रोटोकॉल का पालन क्यों नहीं किया।

**पुलिस ने बताया, कैसे हुई गलती?**

हाईकोर्ट ने 30 अप्रैल को उस हलफनामे पर संज्ञान लिया। हलफनामे में कहा गया था कि शिकायत हिंदी में टाइप की गई थी और जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता खजान सिंह द्वारा पेश की गई शिकायत पर एफआईआर हूबहू वैसी ही लिख दी गई थी। इसमें कहा गया है कि कोर्ट के 31 मार्च के आदेश के बाद 2 अप्रैल को मथुरा के सीनियर पुलिस सुप्रिंटेंडेंट को निर्देश दिए गए कि वे पूर्व केंद्रीय मंत्री के नाम के जिक्र और संबोधन के संबंध में जांच शुरू करें। अनुराग ठाकुर केंद्र की पिछली सरकार में खेल, युवा मामले और सूचना एवं प्रसारण मंत्री थे। एफिडेविट में यह भी कहा गया है कि शिकायतकर्ता ने कहा है कि उसे सांसदों या पूर्व केंद्रीय मंत्रियों के लिए सम्मानसूचक शब्दों के इस्तेमाल से जुड़े प्रोटोकॉल के बारे में जानकारी नहीं थी। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 11 मई को तय की है।

**मथुरा में दर्ज एफआईआर पर कोर्ट ने लिया संज्ञान**

खाजन सिंह ने 21 दिसंबर को मथुरा के हाईवे पुलिस स्टेशन में हर्षित शर्मा और अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। खाजन सिंह ने एफआईआर में पूर्व केंद्रीय मंत्री के नाम का जिक्र किया था। उन्होंने हर्षित शर्मा पर आरोप लगाया कि उसने सरकारी विभागों और मंत्रालय में नौकरी दिलाने के बहाने उनसे, उनके रिश्तेदारों और दोस्तों से 80 लाख रुपये ठग लिए। शर्मा ने दावा किया था कि उसके अनुराग ठाकुर से गहरे संबंध हैं।

**ठाकुर के नाम पर पैसा हड़पने का मामला**

खाजन सिंह ने दावा किया था कि जब हर्षित शर्मा वादे के मुताबिक नौकरियां नहीं दिला पाया तो वे अनुराग ठाकुर से मिलने के लिए दिल्ली गए। तब सांसद ठाकुर ने आरोपी हर्षित को बुलाया और उनके नाम का गलत इस्तेमाल करने पर फटकार लगाई। खाजन सिंह ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने हर्षित को पुलिस के हवाले कर दिया। उसे हिरासत से तब रिहा किया गया जब उसने जल्द ही पैसे लौटाने का वादा किया और अपनी टोयोटा फॉर्च्यूनर एसयूवी गारंटी के तौर पर दे दी। एफआईआर में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि हर्षित शर्मा ने बाद में एसयूवी चुराने के लिए दो स्थानीय अपराधियों को लगाया। उन्हें स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया। हालांकि उसने आरोप लगाया कि उन दोनों को बिना किसी कार्रवाई के रिहा कर दिया गया।

# सरकारी रोडवेज के समानांतर धाकड़ पैसे वाले घूस के दम पर चलवा रहें हैं उरई रुट पर 55 लग्जरी बसें

## लग्जरी बसें रोज दिल्ली, जयपुर, इंदौर और सूरत आदि से लाती हैं भारी मात्रा में तस्करी और टैक्स चोरी का माल, सर्वाधिक बसें शताब्दी के नाम की

- परिवहन, जीएसटी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी रकम लेकर रोज सरकार को लगा रहे हैं बड़े पैमाने पर राजस्व का चूना
- उरई से दिल्ली हैं 18 लग्जरी बसें
- जयपुर 10, इंदौर 15 , सूरत 10 तथा अन्य बसों का हो रहा है बेख़ौफ़ और बेधड़क संचालन

**अनिल शर्मा +संजय श्रीवास्तव**
**(यंग भारत न्यूज)**

**उरई।** आरटीओ विभाग और ट्रैफिक पुलिस की मिली भगत से उरई से विभिन्न महानगरों को जाने और आने वाली कुल 53 शताब्दी बसे दिल्ली, जयपुर, इंदौर, और सूरत से प्रतिदिन लाती है बिना बिल का लाखों रुपए का सामान। इससे सरकार को जीएसटी का भारी चूना लगता है।

मालूम हो कि आरटीओ विभाग में शताब्दी बसो के लिए जो महानगरों तक जाने आने के लिए प्राइवेट जारी किए हैं। उनमें साफ साफ नियम है है। यह शताब्दी बस है हाईवे पर तो आंयैगींजाएंगींलेकिन शहर के अंदर ना तो रुकेंगी। लेकिन आरटीओ विभाग ट्रैफिक पुलिस की मिली भगत से जिसमें संबंधित अधिकारी



और कर्मचारी शामिल हैं। यह शताब्दी बसे शहर उर ई में धड़ल्ले से शहर के अंदर खड़ेश्वरी मंदिर कै पास बकायदा प्राइवेट बस स्टैंड की तरह आराम से रुकती है यहीं से गंतव्य को जाती है। यही स्थिति दिल्ली में कश्मीरी गेट इंदौर जयपुर और सूरत में भी है । जहां यह शताब्दी बस है धड़ल्ले से शहर के अंदर आती जाती है। उरई से दिल्ली के लिएप्तिदिन कुल 18 शताब्दी बस जाती है। जबकि इंदौर के लिए 15तथा सूरत10जयपुर के लिए 10 प्रतिदिन शताब्दी बसेजातीहैं । इन बसों की किराए से भी ज्यादा आमदनी, दिल्ली इंदौर जयपुर सूरत से रोज बिना बिल के आने वाले सामान से होती है। जैसे दिल्ली से मोबाइल फोन , इलेक्ट्रॉनिक सामान, कार और मोटरसाइकिल के पार्ट्स, रेडीमेड कपड़ा बिना बिलों के आता है। सूरत से सूरत से साड़ियां और क्या है कपड़े मोतियों के गहने, जयपुर मशीनरी केसमान राजस्थानी कपड़े , इंदौर से मशीनरी का सामान कपड़े विभिन्न सामान आते हैं। कि यह जो यह शक्ति कानपुर बाबा यह क्या काम करता है। बस स्टैंड में कालपी बस स्टैंड में शशिकांत और बाबा नाम का एक मास्टरमाइंड है। महानगरों से आने वाले बिना बिल के सामानों की डिलीवरी करवाने का अपनी टीम के माध्यम से काम करता है। खाली उरई और जनपद जालौन से बस के सुरक्षित निकालने और आने के लिए प्रत्येक बस को एक से सवा लाख रुपए खर्च करने पड़ते है जो उन्हें आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी और कर्मियों को स्वास्थ्य संवर्धन शुल्क के रूप में देना पड़ते हैं। इसी तरह उरई से दिल्ली जाने और आने पर एक शताब्दी बस को पूरे रास्ते में कुल मिलाकर महीने का ?8लाखतक खर्च करना होता है । इसी तरह सूरत जयपुर और इंदौर से माल लेकर आने वाली प्रत्येक शताब्दी बस को 7 लाख रुपए तक प्रतिमाह खर्च करने पड़ते हैं ।

**रोडवेज का मार रहीं हैं प्रॉफिट, चोरी और सीना जोरी**

**रोडवेज स्टाफ को मारने को तैयार रहते हैं लग्जरी बसों के संचालक**

**डर के मारे रोडवेज कर्मचारी और अधिकारी शिकायत तक करने की हिम्मत नही जुटा पाते**

# भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न, संगठन मजबूती पर दिया गया जोर

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल कोंच की कार्यसमिति बैठक रामगंज में आयोजित की गई। जिसमे अतिथि के रूप में मंडल प्रभारी ब्रजभूषण सिंह मुन्नू, बूथ सत्यापन प्रभारी दया शंकर, जिला मंत्री अमित निरंजन,धीरेंद्र बाथम, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे बैठक में मंडल पदाधिकारियों के साथ-साथ बूथ अध्यक्ष, बूथ समितियों के सदस्य, शक्ति केंद्र संयोजक एवं प्रभारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाना तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करना रहा।बैठक के दौरान संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा



की गई। विशेष रूप से बूथ कमेटियों की समीक्षा पर जोर दिया गया।पदाधिकारियों ने प्रत्येक बूथ की स्थिति का आकलन करते हुए यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि संगठन की पकड़ हर स्तर पर मजबूत बनी रहे। जिन बूथों पर अध्यक्ष निष्क्रिय पाए गए, वहां नए और सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया गया। साथ ही सभी बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं को उनके दायित्वों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया।बैठक में आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए रणनीति भी तैयार की गई।कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को पहुंचाएं तथा संगठन के विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाएं।इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल,महामंत्री राजेन्द्र दुबे मनीष नगरिया, ओपी कुशवाहा, प्रदीप वर्मा,कोषाध्यक्ष अनिल कपूर, रामजी अग्रवाल, रिजवान, बल्लन अग्रवाल, सौरभ पुरवार, डॉ वसीम, सुनील कुमार, सोनू, विनोद कुशवाहा,अनिल वर्मा, धर्मेंद्र राठौर, विपिन पटेल सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पालिका ने कराई मुनादी, प्रधानमंत्री आवास के नाम पर ठगी करने वालों से रहें सावधान

## कहा ईओ ने योजना पूरी तरह निशुल्क पैसा सीधे खाते में

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर ठगी की बढ़ती आशंकाओं को देखते हुए नगर पालिका परिषद कोंच ने सख्त रुख अपनाया है। हाल के दिनों में सामने आई शिकायतों के बाद पालिका प्रशासन सक्रिय हुआ और पूरे नगर में मुनादी कराकर लोगों को जागरूक किया गया।पालिका ने स्पष्ट किया है कि योजना के तहत लाभार्थियों के चयन और जांच प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और इसके लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता। इसके बावजूद कुछ लोग जांच, नाम जोड़ने या किस्त जारी कराने के नाम पर गरीब और जरूरतमंद लोगों से धनराशि मांग रहे हैं। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना पूर्णतः निशुल्क है और इसकी धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजी जाती है। ऐसे में किसी भी बिचौलिए की भूमिका नहीं है। पालिका प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि योजना के नाम पर किसी को भी पैसा न दें, केवल अधिकृत कर्मचारियों पर ही भरोसा करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नगर पालिका को दें। गौरतलब है कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को पक्का मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व इसका दुरुपयोग कर गरीबों को निशाना बना रहे हैं, जिसे देखते हुए पालिका प्रशासन को नगर में मुनादी तक करनी पड़ी।



# विधायक गौरीशंकर वर्मा ने रक्षा मंत्री से की मुलाकात, उठाए विकास के मुद्दे

## सदर विधायक जुटे हैं क्षेत्र के विकास में

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंटकर जिले के विकास व भूतपूर्व सैनिकों की सुविधाओं से जुड़े कई अहम मुद्दे उठाए। उन्होंने उरई में ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक के लिए डिफेंस लैंड आवंटन की मांग प्रमुखता से रखी।

विधायक ने बताया कि जालौन में करीब 10,000 भूतपूर्व सैनिक निवास करते हैं। उरई में ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक फिलहाल छोटे किराए के भवन में चल रहा है, जिससे पूर्व सैनिकों व उनके परिजनों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा। उन्होंने रक्षा मंत्री से उरई नगर में पॉलीक्लिनिक के लिए भूमि आवंटित करने का आग्रह किया। इसके अलावा स्पर्श सेल की स्थापना की मांग की। कहा कि पेंशन व वित्तीय कार्यों



के लिए पूर्व सैनिकों को झांसी जाना पड़ता है। स्पर्श सेल खुलने से यह असुविधा दूर होगी। बंद पड़ी कैंटीन सुविधा को फिर से शुरू कराने का अनुरोध भी किया। शिक्षा के क्षेत्र में विधायक वर्मा ने जालौन में मिलिट्री स्कूल खोलने की जरूरत बताई। कहा कि बुंदेलखंड के युवा सेना में जाना चाहते हैं, पर संसाधन व मार्गदर्शन की कमी है। औद्योगिक विकास के लिए उन्होंने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के निकट प्रस्तावित एसईजेड के तहत जालौन में डिफेंस कॉरिडोर स्थापित करने का सुझाव दिया, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मुलाकात से जिले के पूर्व सैनिकों व युवाओं में नई उम्मीद जगी है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच।** कोंच-एट रोड स्थित ग्राम अंडा से चोरी हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली मामले का कोतवाली पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी गए वाहन को बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार है। 3 मई की रात ग्राम अंडा स्थित पेट्रोल पंप से राज भाटिया का ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी हो गया था।पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। जनपद में चलाए जा रहे चोरी के अनावरण और अपराधियों की धर-पकड़ अभियान के तहत बुधवार को सागर चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक सुमित पांडे व उपनिरीक्षक शुभम सिंह परमार ने हेड कांस्टेबल अभिषेक भदौरिया व कांस्टेबल पवन कुमार के साथ कोंच-एट रोड से माई होम स्कूल के पास कोंच-उरई रोड को जोड़ने वाले रास्ते पर दबिश देकर चोरी हुआ ट्रैक्टर मय ट्रॉली के बरामद कर लिया है। पुलिस ने मौके से करन वर्मा (19) और आलोक कुमार उर्फ अंशुल पटेल (20) निवासी ग्राम अंडा को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, तीसरा आरोपी गोपी कुशवाहा (26) मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि ग्राम चंदुर्रा निवासी राज भाटिया ने तहरीर देकर बताया था कि 3 मई की रात वह अपना ट्रैक्टर भाड़े से लौटकर एट रोड स्थित ग्राम अंडा के पास एक पेट्रोल पंप पर खड़ा कर घर चला गया था। इसके बाद वह एक निमंत्रण कार्यक्रम में शामिल होने चला गया।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## -चोरी का ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया।जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।पुलिस अधीक्षक विनय कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक डॉ ईशान सोनी के निर्देश पर जिले में अपराधियों की धर-पकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस द्वारा बुधवार को कोंच-एट रोड पर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की सघन




चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस ने कोंच कोतवाली में दर्ज चोरी के मामले का खुलासा करते हुए चोरी किया गया ट्रैक्टर और ट्रॉली बरामद कर ली। साथ ही इस वारदात में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान, करन वर्मा और आलोक कुमार उर्फ अंशुल पटेल निवासी ग्राम अण्डा के रूप में हुई है, वही फरार आरोपी गोपी कुशवाहा की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है और उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने इस कार्रवाई को टीमवर्क का परिणाम बताते हुए कहा कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

# मलंगा पुल किनारे अवैध पुराव, जिम्मेदार बेखबर

## -बारिश में रिहायशी इलाकों में जलभराव का खतरा, पुल पर अवैध कट दे रहा हादसे को दावत

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच।** कस्बे में अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर नियंत्रण के दावे लगातार खोखले साबित हो रहे हैं। ताजा मामला उरई रोड स्थित मलंगा पुल के किनारे हो रहे अवैध पुराव का है, जहां खुलेआम मिट्टी डालकर पुराव किया जा रहा है जिससे मलंगा संकरा होता जा रहा है। यह स्थिति बारिश के मौसम में कस्बे के लोगों के लिए मुसीबत बन सकती है। पुल के बीचों किया गया अवैध कट हादसों को दावत दे रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अनजान बना हुआ है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, मलंगा पुल के किनारे बने पक्के निर्माण के आस पास मलंगा के किनारे मिट्टी डालकर भराई की जा रही है। इसके लिए बोरियों में मिट्टी भरकर एक तरह से अस्थायी ढांचा खड़ा किया जा रहा है। इतना ही नहीं, पुल के बीच में अवैध रूप से कट भी बना लिया गया है, जो राहगीरों के लिए खतरा बनता जा रहा है। लोगों का कहना है कि यह पूरा काम बिना किसी अनुमति के किया जा रहा है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो यह अवैध पुराव बड़े खतरे का कारण बन सकता है। खासतौर पर बारिश के मौसम में जब मलंगा नदी उफान पर होगी, तब यह भराई पानी के प्राकृतिक बहाव को बाधित करेगी। रिहायशी इलाकों में जलभराव की गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है। स्थानीय निवासियों ने आशंका जताई है कि जल निकासी बाधित होने से न केवल घरों में पानी घुसेगा, बल्कि सड़कों और आसपास के ढांचों को भी नुकसान पहुंच सकता है। इसके अलावा पुल पर बनाया गया अवैध कट खुले तौर पर हादसों को न्योता दे रहा है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा कार्य कई दिनों से जारी है, लेकिन संबंधित विभागों ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही के चलते अवैध पुराव करने वाले लोगों को बढ़ावा मिल रहा है। इस पूरे मामले को लेकर ईओ नगरपालिका मोनिका उमराव का कहना है कि मामला संज्ञान में आने के बाद काम रुकवा दिया गया है। संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी किया गया है और एसडीएम व कोतवाली पुलिस को भी प्रतिलिपि भेजी गई है। उन्होंने कहा, पालिका क्षेत्र में किसी भी तरह के अवैध काम को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

# अपना दल एस के माधव बने नगर अध्यक्ष

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** अपना दल एस की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमो को मजबूती देने हेतु प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर संगठन के जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने युवा नेता सभासद माधव यादव को संगठन का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया।जिलाध्यक्ष ने अपने मनोनयन पत्र में कहा कि संगठन की विचार धारा को जन-जन तक पहुंचाकर पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान करे।माधव के नगर अध्यक्ष बनने पर उनके शुभचिंतको में खुशी की लहर दौड गयी सभी ने उन्हे बधाई दी तथा माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

# कामकाजी महिला से अश्लील हरकत, युवक पर एफआईआर

## दुकान से घर जाते समय हुई घटना, बाइक लगाकर रास्ता रोकने का लगाया आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच।** कस्बे में एक कामकाजी महिला के साथ रास्ते में अश्लील हरकत और छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कस्बे की रहने वाली पीड़ित महिला ने कोतवाली कोंच में दी गई तहरीर में बताया कि वह कस्बे में एक ज्वैलर्स की दुकान पर काम करती है और रोजाना घर से दुकान आती-जाती है। आरोप है कि तिलक नगर निवासी सौरभ पिछले कुछ समय से उनका पीछा कर अश्लील टिप्पणियां करता था। पीड़िता ने बताया कि 4 मई की शाम जब वह दुकान से घर लौट रही थी, तभी रास्ते में आरोपी ने बाइक लगाकर उसका रास्ता रोक लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ट्रक की टक्कर से दम्पति व पुत्री घायल दो मासूम हुए मामूली चुटहिल

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदाबाद निवासी कमल सिंह 45 वर्ष पुत्र राम नरायन अपनी पत्नी पिंकी 42 वर्ष व तीन बच्चों के साथ बाइक से उरई जा रहे थे। तभी ईदगाह के पास डंपर ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक कमल सिंह, पत्नी पिंकी और 7 वर्षीय पुत्री प्राची के सिर में गंभीर चोट आई। जबकि 9 वर्षीय पुत्री कृतिका और 3 वर्षीय पुत्र छोटू को ममूली चोटे आई है। सूचना पर पहुंचे दरोगा विश्राम सिंह बताया कि सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया और ट्रक को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है

# अराजकतत्व ने खेत के डंठलों में लगाई आग, मकान भी आए चपेट में

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़।** कस्बे के रामेश्वर जी मंदिर के पीछे स्थित खेतों में बुधवार दोपहर किसी अराजक तत्व द्वारा डंठलों में आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, और तेज हवाओं का साथ मिलते ही आग तेजी से फैलती हुई गल्ला मंडी, हैदलपुरा रोड व बंगरा रोड स्थित सेठ गोविंद दास इंटर कॉलेज के पीछे तक पहुंच गई। आग की ऊंची लपटें उठती देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान आग की चपेट में आकर जवाहर नगर निवासी रमेश दौहलिया की खेत पर बनी टिन शेड, छप्पर और बांस-बल्ली जलकर राख हो गई। घटना में करीब एक लाख रुपये मूल्य का सामान नष्ट होने का अनुमान है। इसके अलावा खेतों में खड़े डंठल तथा कुछ पेड़-पौधे भी जल गए। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। समय रहते आग बुझा लिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार भुवनेंद्र कुमार ने बताया कि खेतों में केवल डंठल जले हैं। जबकि किसान को अन्य सामान के नुकसान की सूचना मिली है। लेखपाल की जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार किसान को मुआवजा दिलाने की कार्रवाई की जाएगी।


# जालौनः शादी की खुशियों के बीच डीजे बना जंग का मैदान, दबंगों ने युवक को घेरकर पीटा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन** सर्किल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सिरसा कलार थाना क्षेत्र के रेनिया गांव में डीजे को लेकर हुआ मामूली विवाद बड़े संघर्ष में बदल गया। दो डीजे संचालकों के बीच आगे निकलने की होड़ ने शादी समारोह के माहौल को तनावपूर्ण कर दिया, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

**आगे-पीछे चलने को लेकर हुआ विवाद**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रेनिया गांव में आयोजित एक विवाह कार्यक्रम में दो डीजे बैंड शामिल होने आए थे। बारात के



दौरान डीजे संचालकों के बीच गाड़ियों को आगे-पीछे चलाने और रास्ता देने को लेकर बहस शुरू हुई। रात में शुरू हुआ यह विवाद सुबह होते-होते हिंसक झड़प में तब्दील हो गया।

**युवक को घेरकर किया लहूलुहान**

इस आपसी विवाद की गाज पछीपुरा गांव से आए एक मेहमान युवक पर गिरी। आरोप है कि सुबह के समय करीब 8 से 10 दबंगों ने युवक को घेर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावर उसे घर के अंदर से खींचकर बाहर लाए और लाठी-डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई की। युवक को लहूलुहान हालत में छोड़कर हमलावर मौके से फरार हो गए।

**अस्पताल में भर्ती, पुलिस जांच शुरू**

गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ष्ट।ष्ट) जालौन ले जाया गया, जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस सक्रिय हो गई है। पुलिस का कहना है कि घायलों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। जालौन सर्किल में इस तरह की घटना ने एक बार फिर शादियों में होने वाले डीजे विवादों की ओर प्रशासन का ध्यान खींचा है।

# प्राथमिक विद्यालय नैनपुरा की प्रधानाध्यापिका रीनू पाल को को किया गया सम्मानित

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों की मिसाल बनता मिशन शिक्षण संवाद का शक्ति समागम कार्यक्रम कानपुर के साकेत नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित हुआ, जहां प्रदेश भर से आई शिक्षिकाओं ने अपने-अपने विद्यालयों में किए जा रहे रचनात्मक प्रयोगों को साझा किया। कार्यक्रम में जालौन ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय नैनपुरा की प्रधानाध्यापिका रीनू पाल ने अपने विद्यालय में स्थापित म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी का प्रस्तुतीकरण कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

प्राथमिक विद्यालय नैनपुरा की प्रधानाध्यापिका रीनू पाल द्वारा विकसित यह म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी विद्यालय परिसर में बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को रोचक और जीवंत बनाने का एक अभिनव प्रयास है। इसमें बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियां, हस्तशिल्प, स्थानीय इतिहास और संस्कृति से जुड़ी वस्तुएं, शैक्षिक मॉडल और विज्ञान से संबंधित प्रोजेक्ट्स को सहेजकर प्रदर्शित किया गया है।

# पति से हुई कहासुनी, आवेश में आई पत्नी ने लगा ली फांसी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** आटा थाना क्षेत्र के ग्राम करमेर में पति से हुई कहासुनी के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। बता दे कि आटा थाना क्षेत्र के ग्राम करमेर निवासी 30 वर्षीय रानी पत्नी भूपेंद्र सिंह की मंगलवार की शाम को किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। पड़ोसियों ने उन्हें शांत कराया था। इसके बाद भूपेंद्र गांव में निकल गया तभी पत्नी रानी ने घर के कमरे में रस्सी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। जब पति वापस लौटा तो पत्नी फंदे पर लटकी मिली। पत्नी के शव को फंदे पर लटका देख उसकी चीख निकल गई। सूचना के बाद थाना प्रभारी अजय सिंह ने पहुंचकर जांच की। मृतक के दो पुत्र उमंग व तरंग का रो रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी ने कहा कि खुदकुशी का मामला है अभी कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# जनता की समस्याओं पर डीएम की सीधी नजर, जनसुनवाई में फरियादियों को मिला त्वरित समाधान

## जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गंभीरता से सुनी शिकायतें, अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के दिए कड़े निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में सुबह से ही जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई में राजस्व, पुलिस, विकास, नगर निकाय, विद्युत, पेयजल, समाज कल्याण एवं भूमि विवाद से संबंधित बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और फरियादियों को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में बर्दास्त नहीं किया जाएगा।प्रत्येक अधिकारी शिकायतों को पूरी संवेदनशीलता के साथ लेते हुए मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का परीक्षण करें और पात्र व्यक्तियों को तत्काल राहत उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही फोन पर वार्ता कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व एवं पुलिस विभाग आपसी समन्वय बनाकर भूमि विवादों एवं अन्य संवेदनशील मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराएं, जिससे आमजन को त्वरित राहत मिल सके।

# पानी पूड़ी का धंधा कर के कमाय थे जो रुपये वो भाइयों ने छीन लिए , मारपीट भी की

## पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने से परेशान पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** पानी पूड़ी का धंधा करने के बाद भाईयों द्वारा सारा रुपया छीन लेना तथा मांगने पर मारपीट करने के मामले में पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने से परेशान पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।




दिये गये शिकायती पत्र में दिनेश कुमार पुत्र ब्रम्हादीन निवासी ग्राम सुरहती थाना आटा ने बताया कि प्रार्थी अपने भाई दीपक और बब्लू पुत्रगण ब्रम्हादीन कुशवाहा निवासी सुरहती के साथ आन्ध्र प्रदेश में पानी पूड़ी का धंधा करता था। बताया कि जिसका सारा रूपया प्रार्थी का भाई दीपक व बबलू उससे छीन लेता था तथा प्रार्थी का परिवार भी प्रार्थी पर निर्भर है जिस कारण प्रार्थी अपने परिवार का सही से भरण पोषण नही कर पा रहा है। जब प्रार्थी ने उक्त दीपक से धंधे का बटवारा करने की बात की तो दीपक और बबलू की नियत खराब हो गयी और दीपक , बबलू व शिल्पी पत्नी दीपक ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज की व बटवारा की बात करने पर प्रार्थी व उसकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि बताया कि 3 मई 2026 को समय करीब 9 बजे रात को घर में प्रार्थी ने अलग धंधा करने की बात कहकर दीपक से अपने हिस्सा के रूपये की मांग की तो बबलू , दीपक व दीपक की पत्नी ने प्रार्थी के साथ मारपीट व गाली गलौज की व दीपक और बबलू ने उसका गला दबा लिया जिससे चिल्लाया तो प्रार्थी के अन्य भाई सन्तोष व राजकुमार दौड़कर मौके पर आये जिन्होने प्रार्थी को दीपक और बबलू से बचाया व थाने में शिकायत करने गये तो पुलिस जांच पड़ताल के लिये आयी लेकिन दीपक और बबलू व शिल्पी ने पुलिस से सांठ-गांठ कर प्रार्थी व प्रार्थी के भाईयो को ही पुलिस से पकड़ा दिया प्रार्थी को भय है कि उक्त लोग प्रार्थी व प्रार्थी के भाई परिवार के साथ कोई संगीन घटना न कर दे तथा शिकायत पर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि उसके माता-पिता और तीन भाई उसको हिस्सा नहीं दे रहे हैं और मांगने पर प्रार्थी के साथ आये दिन मारपीट न जान से मारने की धमकी देते हैं। उसने बताया कि प्रार्थी जो कमाता उसका सारा पैसा उक्त लोग रख लेते हैं तथा उसको कुछ नहीं देते। उसने एसपी से माता-पिता और भाईयों से हिस्सा दिलवाने और उक्त प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज करवाकर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही करवाये जाने की फरियाद की है।

# जालौन जनपद में बड़ा प्रशासनिक फेर-बदलः तीन तहसीलों के एसडीएम बदले, व्यवस्था होगी बेहतर

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जालौन जनपद में प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए शासन ने तहसील स्तर पर बड़ा फेरबदल कर दिया है। जारी आदेश के बाद प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। कई उप जिलाधिकारियों (एसडीएम) के कार्यक्षेत्र बदलते हुए नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।ज्योति सिंह को उरई तहसील का नया एसडीएम बनाया गया जबकि हेमंत पटेल को कोंच तहसील की जिम्मेदारी मिली जिसके तहत रिंकू सिंह राही को जालौन तहसील के नए उप जिलाधिकारी नियुक्त किया गया।

सूत्रों के मुताबिक शासन इस बदलाव के जरिए तहसीलों में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और तेज व प्रभावी बनाना चाहता है। माना जा रहा है कि नए अधिकारियों की तैनाती से जनसुनवाई, राजस्व मामलों और कानून व्यवस्था पर प्रशासनिक पकड़ मजबूत होगी। अब जनता की नजर नए एसडीएम की कार्यशैली, सख्ती और फैसलों पर टिकी हुई है।

# आगामी 09 मई 2026 को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 09 मई 2026 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु आज जनपद न्यायाधीश श्री विरजेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला दीवानी न्यायालय सभागार में समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इसमें उपस्थित न्यायिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस सम्बन्ध में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शाम्भवी-। द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समीक्षा बैठक में जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह ने उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो मामले नेशनल ज्यूडिशियल डाटा ग्रिड (एनजेडीजी0) पर दर्ज है, मात्र वहीं मामले इस लोकअदालत में निस्तारित किये जायेंगे। ऐसी स्थिति में सभी अधिकारी उनके न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में से ऐसे मामलों को तत्काल चिन्हित करके सम्बन्धित पक्षकारों को अविलम्ब सूचित करें तथा वादकारियों को सुलह-समझौते के लिये प्रेरित करें और अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण करें। उन्होंने 06 से 08 मई 2026 तक प्रत्येक दिन आयोजित विशेष लोकअदालत में लघु शमनीय आपराधिक (पेटी ऑफेन्स) मामलो को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित करने के लिये समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया, जिससे लघु शमनीय आपराधिक मामलों का निस्तारण हो सके। इसी क्रम में सम्बन्धित न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों को आगामी 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली आर्बिट्रेशन मामलों की विशेष लोकअदालत हेतु अधिकाधिक संख्या में वाद नियत करने तथा उन्हें निस्तारित करने का भी निर्देश दिया गया। इस बैठक में नोडल अधिकारी/अपर जिला न्यायाधीश सतीश चन्द्र द्विवेदी, अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीशों सुरेश कुमार गुप्ता, चन्द्र मोहन चतुर्वेदी, मुन्ना प्रसाद, प्रवीण कुमार पाण्डेय, राजीव सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे, सिविल जज सी0डि0 श्रीमती प्रतिभा, अपर सिविल जज सी0डि0 श्रीमती मनाली चन्द्रा, रजत सिंह यादव, सिविल जज जू0डि0/न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रत्यूश प्रकाश, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शिंजनी यादव, अपर सिविल जज जू0डि0 श्रीमती अंकिता सिंह, अपर सिविल जज जू0डि0 में अनिरूद्ध सिंह, श्री सतनाम यादव, अभिषेक चौधरी, अपर सिविल जज जू0डि0 सुश्री निकिता सिंह, मो0 फरहान, श्री जावेद, श्री सुधांशु सिंह एवं विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्री सैयद अली मेंहदी आबिदी उपस्थित रहे।

# जनगणना 2027 में जालौन रहेगा अग्रणी, कल से शुरू होगी स्व-गणना प्रक्रिया

## - अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार ने नागरिकों से की अपील, सही जानकारी देकर मजबूत बनाएं विकास की नींव

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** भारत सरकार द्वारा संचालितं जनगणना2027 के अंतर्गत स्व-गणना ल अभियान 07 मई 2026 से प्रारंभ होने जा रहा है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश और समाज के भविष्य की विकास यात्रा का आधार है। सही जानकारी से ही सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार, आवास, पेयजल एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से संचालित कर पाती है। उन्होंने कहा कि नागरिक अब घर बैठे स्वयं भी अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए भारत सरकार द्वारा आधिकारिक पोर्टल ह्यद्द.ष्द्ध्ठ्ठह्यह्लह्य.द्ग1.द्बठ्ठ उपलब्ध कराया गया है, जहां मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी सत्यापन कर स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण की जा सकती है। स्व-गणना अभियान 07 मई 2026 से 21 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि स्व-गणना करते समय परिवार से संबंधित सभी जानकारियां सावधानीपूर्वक एवं सही-सही भरना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि परिवार द्वारा सर्वाधिक उपयोग किए जाने वाले मुख्य अनाज का विवरण सही अंकित किया जाए, जिससे जनहित की योजनाओं का बेहतर आकलन किया जा सके। उन्होंने बताया कि स्व-गणना पूर्ण होने के बाद नागरिकों को एक एसईआईडी

प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा। बाद में जब प्रगणक घर पहुंचेगा तो नागरिकों को वही एसईआईडी दिखानी होगी, जिसके आधार पर जानकारी का सत्यापन किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि जनगणना देश के विकास की मजबूत आधारशिला है और प्रत्येक नागरिक की सहभागिता इसे सफल बनाती है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे जनगणना अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें, सही जानकारी उपलब्ध कराएं तथा दूसरों को भी जागरूक करें, ताकि हमारी जनगणना, हमारा विकास का उद्देश्य सफल हो सके। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए जनगणना हेल्पलाइन नंबर 1855 पर संपर्क किया जा सकता है। जनपद प्रशासन द्वारा भी व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोग स्व-गणना प्रक्रिया से जुड़ सकें।

# मौरंग के ट्रकों के कारण हत्यारी कदौरा रोड पर भी ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मारकर चालक को पहुंचा दिया यमलोक

## जिले में हो रहीं ताबड़ तोड़ जान लेवा दुर्घटनाओं से दहल गया जनमानुष

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** बार-बार हो रही दुर्घटनाओं तथा मौतों के मामलों को लेकर नागरिक बेचैन हो गये हैं। बुधवार को कदौरा रोड में तेज रफ्तार ट्रक से बाइक की जोरदार भिंडत हो गई इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई।




प्राप्त जानकारी के मुताबिक शशिकांत कुशवाहा उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र कमलेश निवासी ग्राम बरही विकास खण्ड कदौरा तहसील कालपी बुधवार 6 मई को पुखरांया कस्बे से अपनी बाइक की सर्विस कराकर अपने गांव बरही वापस लौट रहा था। सुबह साढ़े 10 बजे जोल्हूपुर मोड़ – हमीरपुर हाइवे स्टेट में बरही बम्बा के नजदीक बेकाबू ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार शशिकांत कुशवाहा घायल हो गया। गम्भीर रूप से घायल शशिकांत को डायल 112 पुलिस टीम ने शशिकांत को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया गया। ड्यूटी में मौजूद चिकित्साधिकारी डा आदर्श गौतम ने स्वास्थ्य परीक्षण कर शशिकांत को मृत्य घोषित कर दिया।

# 110 प्रशिक्षित कर्मचारी प्रथम चरण में आज से जनगणना में जुटेंगे - ईओ

## स्व-गणना का कार्य 21 मई तक चलेगा अभियान

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रथम चरण में जनगणना की स्व-गणना प्रक्रिया 7 मई से शुरू होकर 21 मई तक संचालित की जाएगी। जबकि दूसरे चरण का कार्य 22 मई से 20 जून तक चलेगा।




नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों को स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपने परिवार और मकान से जुड़ी जानकारी भरनी होगी। उद्देश्य है कि सही जानकारी, सही गणना, सही विकास', ताकि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि स्व-गणना के दौरान प्रश्न संख्या 32 में परिवार द्वारा उपभोग किए जाने वाले मुख्य अनाज की जानकारी देनी होगी। इसमें वही अनाज दर्ज करें, जो परिवार में सबसे अधिक मात्रा या बार-बार खाया जाता है। यदि घर में गेहूं अधिक खाया जाता है तो गेहूं दर्ज करें। यदि चावल अधिक खाया जाता है तो चावल दर्ज करें। अधिशासी अधिकारी ने जनगणना के आधिकारिक पोर्टल सम्बन्धित जानकारी दी है। नगर में 110 प्रशिक्षित कर्मचारी, सुपरवाइजरो तथा प्रगणकों की तैनाती की गयी है।

# आरएलडी नेता विपिन शिवहरे ने मनाई स्व.चौधरी चरणसिंह व स्व. अजीत सिंह की जयंती

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** राष्ट्रीय लोक दल के संस्थापक स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह जी की पुण्यतिथि पांचवी पर आज जनपद जालौन उरई के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के महिला प्रकोष्ठ युवा प्रकोष्ठ के नेतत्व मे गोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मनोज बुधौलिया पूर्व का.क्षेत्रीय अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि लियाकत अली क्षेत्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बुंदेलखंड अध्यक्षता ध्रुव गुप्ता विपिन ने की संचालन संजू प्रजापति पूर्ब बुंदेलखंड महासचिव ने किया चौधरी अजीत सिंह पर प्रकाश डालते हुए मनोज बुधौलिया लियाकत अली सयुक्त रूप से कहा की अपने हमेसा किसानों की बात को रखते हुए किसानों की अबाज बुलंद की।

इस मौके पर प्रमुख रूप से उस्मान मंसूरी जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, अनीता पांडे जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, अनुज पाल युवा जिला अध्यक्ष, नौशाद खान, सुनील पाल, दिलीप सिंह परिहार, यासमीन मुस्तफा मुरादाबाद क्षेत्रीय सचिव, नगर अध्यक्ष कोच जावेद राइन, प्रीति सिंह नगर अध्यक्ष, बृज बिहारी सोनी कोच, अरुण चौहान, मज़हर खान, रोहित बजरंगी, मोनू दादा, उपेंद्र गुर्जर, अमित मिश्रा, मोनू सेंगर, मनजीत, सोनू सिंह आदि लोगो उपस्थिति रहे।

# स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश के लिये 21 एवं 22 मई 2026 को चयन ट्रायल्स आगरा मे

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** क्रीड़ाधिकारी शैलेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि विभिन्न स्पोर्ट्स कालेजो में कक्षा-6,9 व 11 में प्रवेश के लिये विभिन्न खेलो की 518 सीट के लिये चयन ट्रायल्स दिनांक 21 व 22 मई 2026 को एकलब्य स्पोर्ट्स स्टेडियम आगारा में आयोजित किये जायेगे। कालेज में प्रवेश के लिये खिलाडी बालक एवं बालिका ऑन लाइन खेल साथी पोर्टल https.//khelsathi.in पर जाकर स्पोर्ट्स कालेज एडमीशन पर क्लिक कर आवेदन शुल्क रू0 200/- जमा करके निर्धारित प्रारूप पूर्ण रूप से भरकर अपना आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये जिला खेल कार्यालय उरई में किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क कर सकते है। इसके साथ ही आवेदन हेतु किसी भी सहायता के लिये मो0नं0- 9230992739 एवं 9506843789 पर सम्पर्क करे।

# पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई आरएलडी नेताओं ने

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** शहर के जालौन रोड़ स्थित पर्वतपुरा हाउस आर.डी.जिला कार्यालय पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा स्व. चरणसिंह एवं राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.चौधरी अजीतसिंह की जयंती किसान दिवस के रूप में मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने की।

इस मौके पर चौधरी चरणसिंह एवं चौधरी अजित सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की प्रेरणा ली।इस मौके पर पूर्व महासचिव लियाकत अली विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।इस मौके पर गोष्ठी को संबोधित करते हुए आर. एल. डी. जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव सोनू ने कहा कि भारत के किसानों की आवाज और उनकी समस्याओं को लड़ने और उनकों हक दिलाने की लड़ाई देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह व पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. अजीत सिंह ने लड़ी है। आज उसी किसानों के हक की लड़ाई को केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी लड़ रहे हैं।इस मौके पर प्रमुख रूप से मोहसिन खान, आर्दश नागर, सुमित नागर, सुरेश, देवेन्द्र पाल, असीम मंसूरी, फैजान खान, संजीव जाटव, भगवान सिंह श्रम प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष, रुचि नागर, पवन तोमर, पंकज शर्मा, अंकित कुलश्रेष्ठ सहित संगठन के आदि लोग मौजूद रहे।

# वर्दी का फर्ज निभाते निभाते स्वर्गलोक वासी हो गए दो दरोगा एवम दो सिपाही

## सलामी और श्रद्धांजलि देने उरई पुलिस लाइन आए डी जी एवम आई जी झाँसी





- इस अवसर पर शहीद पुलिस जनों को श्रद्धांजलि देने अश्रु पूरित नेत्रों से उमड़ा जनसैलाब
- शहीद सिपाही प्रदीप कुमार को सबसे अभागा साबित हुआ उसके परिवार पर इस कारण तगड़ी गाज गिरी क्योंकि उसकी शादी फरवरी माह में हुई थी और अभी तक केवल दो महीने 11 दिन बीते हैं

**( यंग भारत न्यूज )**

**उरई।** हरियाणा के जनपद नूंह में दबिश के दौरान हुए दर्दनाक सड़क हादसे में शहीद हुए जालौन पुलिस के चार जवानों को बुधवार को पुलिस लाइन उरई में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान पुलिस लाइन परिसर शोक में डूबा नजर आया। चारों ओर सन्नाटा, सिसकियां और नम आंखें इस भावुक पल की गवाही दे रही थीं। हर किसी के चेहरे पर अपने साथियों को खोने का दर्द साफ झलक रहा था।

शहीद पुलिसकर्मियों में कोतवाली उरई में तैनात उपनिरीक्षक सत्यभान सिंह, उपनिरीक्षक मोहित कुमार यादव, आरक्षी अशोक कुमार तथा सर्विलांस सेल में तैनात आरक्षी प्रदीप कुमार शामिल थे, जिनका कर्तव्य निर्वहन के दौरान असामयिक निधन हो गया। चारों जवान हरियाणा में एक मामले की कार्रवाई के लिए गए थे, जहां सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। पुलिस लाइन उरई में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन आलोक सिंह, पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र आकाश कुलहरि, जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक जालौन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी सहित सभी क्षेत्राधिकारी, पुलिसकर्मी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने शहीद जवानों के पार्थिव शरीरों पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान कई पुलिसकर्मी अपने साथियों को याद कर भावुक हो उठे और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन ने शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने अपने साथियों के पार्थिव शरीरों को कंधा देकर अंतिम यात्रा के लिए रवाना किया। जैसे ही अंतिम यात्रा निकली, पूरा परिसर 'शहीद अमर रहें' के नारों से गूंज उठा। यह दृश्य न केवल पुलिस विभाग बल्कि पूरे जालौन जनपद के लिए बेहद भावुक और पीड़ादायक रहा। चारों वीर जवानों की शहादत को हमेशा सम्मान और गर्व के साथ याद किया

# 10 मई को कबूतर उड़ान प्रतियोगिता का आयोजन, प्रथम स्थान पाने वाले को 11 हजार का मिलेगा इनाम

**( यंग भारत न्यूज )**



**कालपी-उरई।** कालपी विजन संस्था के तत्वावधान में हिंदू -मुस्लिम एकता एवं सदभावना का प्रतीक कबूतर उड़ान प्रतियोगिता का प्रोग्राम 10 मई को कालपी नगर में आयोजित किया जायेगा। इसकी तैयारियों को लेकर आयोजकों तथा कबूतर बाजों की मीटिंग में अंतिम रूप प्रदान किया गया है।

स्थानीय नगर के मुहल्ला दमदमा में जावेद कढ़ाई सेंटर में आयोजित बैठक में कार्यक्रम के आयोजक वसीम खलीफा तथा अरशद राजा ने बताया कि हर साल की तरह प्रतियोगिता में 10 मई को सुबह 6 बजे कबूतरबाजों के अपने-अपने प्रिय कबूतर उड़ान भरेंगे। 10 बजे उड़ान भरने के उपरांत जब कबूतर अपने-अपने मुकम्मों में वापस लौटेंगे। तभी रेफरियों के द्वारा गणना की जाएगी। उड़ने वाले कबूतरों को चिन्हित करने के लिए रंग लगाया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले कबूतर के कबूतर बाज को 11000 का पुरस्कार मिलेगा। संस्था के संयोजक समाज सेवी आसिफ कुरैशी एडवोकेट तथा जिला कांग्रेस के महामंत्री तस्लीम खान की ओर से प्रदान किए जाएंगे। बैठक में शहनूर मियां, शिव राम महाराज, देवेंद्र यादव, अरविन्द कुमार, गुपज़ार इरफ़ान खान, हलीम खान, अरशद रज़ा, बाली मुहम्मद, छोटू सुनार, इन्तिज़ार ने हिस्सा लिया। कमेटी सदस्य जाविद खान हाफ़िज दिलशाद बारकाती, अरशद रज़ा अज़हरी, हलीम रज़ा, शाहिद अंसारी, समीर अंसारी आदि ने सहभागिता की।

# विषाक्त पदार्थ के सेवन से अचेत युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया

**( यंग भारत न्यूज )**

**कालपी-उरई।** बीती शाम को को कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम गुढा खास निवासी 30 वर्षीय युवक पप्पू को बेहोशी हालत में सीएचसी कालपी इलाज हेतु भर्ती कराया गया है। अस्पताल की ड्यूटी में मौजूद चिकित्साधिकारी डॉक्टर शेख शहरयार के द्वारा इलाज किया गया। पिछले हफ्तो के दौरान सड़क दुर्घटनाओं एवं विषाक्त पदार्थ के सेवन के चपेट में आकर तमाम लोग शानदार स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती हो रहे हैं।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रसूता का जटिल हो गया ऑपरेशन, प्रधानाचार्य ने अपनी निगरानी में कराया सफल ऑपरेशन

**-पूर्व में हुई महिला की सिजेरियन डिलेवरी के टांके ऑपरेशन के दौरान टूटने लगे थे, बन गया था प्रसूता और नवजात की जान को खतरा**





**( यंग भारत न्यूज )**

**जालौन (उरई)** चिकित्सकों की सूझबूझ, त्वरित निर्णय और समन्वित प्रयासों से एक जटिल प्रसूति मामले में मां और नवजात शिशु की जान बचाने में सफलता हासिल की गई। इस उपलब्धि पर अस्पताल प्रशासन ने संतोष जताया है।

प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद त्रिवेदी ने बताया कि मरीज निधि पत्नी सौरभ, जो नौ माह की गर्भवती थीं और पूर्व में एक सिजेरियन प्रसव करा चुकी थीं, पेट दर्द की शिकायत लेकर ओपीडी पहुंचीं। जांच के दौरान पाया गया कि पुराने टांकों पर अत्यधिक दबाव था और गर्भ में शिशु की धड़कन भी कमजोर हो रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल इमरजेंसी सिजेरियन सेक्शन का निर्णय लिया गया।

ऑपरेशन के दौरान प्लेसेंटा स्वत: अलग नहीं हुआ। विस्तृत जांच में मरीज में प्लेसेंटा इन्क्रीटा की गंभीर स्थिति पाई गई, जिसमें प्लेसेंटा गर्भाशय की मांसपेशियों में गहराई तक धंसा हुआ था। अत्यधिक रक्तस्राव की आशंका को देखते हुए चिकित्सकों ने परिजनों की सहमति से ऑब्स्टेट्रिक हिस्टेरेक्टॉमी कर गर्भाशय निकालने की शल्यक्रिया की। शल्यक्रिया के दौरान मरीज को 4 यूनिट रक्त और 4 यूनिट प्लाजमा चढ़ाया गया। ऑपरेशन के बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती कर चार दिनों तक विशेषज्ञों की निगरानी में रखा गया। लगातार सुधार के बाद मरीज को स्वस्थ नवजात शिशु के साथ सुरक्षित डिस्चार्ज कर दिया गया। इस जटिल ऑपरेशन में डॉ. कपिल सिंह निरंजन, डॉ. रक्षा, डॉ. सुनीत सचान और नर्सिंग स्टाफ की अहम भूमिका रही। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि भविष्य में भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती रहेंगी।

# भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला सहित अन्य प्रसंगों का श्रवण कर भावविभोर हो उठे श्रोता

**( यंग भारत न्यूज )**



**जालौन-उरई।** ग्राम महिया खास के रामजानकी मंदिर परिसर में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के छठे दिन श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला सहित अन्य प्रसंगों का श्रवण कर भावविभोर हो उठे।

कथा व्यास पंडित सर्वेश दीक्षित महाराज ने गोवर्धन पर्वत लीला की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अभिमान को तोड़ने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर धारण किया था। उन्होंने बताया कि उस समय इंद्र देव ने घमंड में आकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार वर्षा कराई थी, जिससे जन-जीवन संकट में पड़ गया था। तब भगवान श्रीकृष्ण ने समस्त ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत उठाकर उन्हें उसके नीचे आश्रय दिया। यह लीला हमें सिखाती है कि भगवान अपने भक्तों की हर परिस्थिति में रक्षा करते हैं और अहंकार का अंत निश्चित है। गोवर्धन पूजा का संदेश प्रकृति के संरक्षण और गौसेवा से भी जुड़ा हुआ है। भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र पूजा के स्थान पर गोवर्धन पर्वत और प्रकृति की पूजा करने के लिए प्रेरित किया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि प्रकृति ही हमारे जीवन का आधार है। कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और उसे मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग मिलता है। इस मौके पर परीक्षित आशा मन्ना सिंह सेंगर, मालखान सिंह, राजेंद्र सिंह, यतेंद्र सिंह, राकेश सिंह, देवेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, नरेंद्र, हरेंद्र, कालका प्रसाद, विसंभर दयाल, दीनदयाल, बनवारी लाल, दीपेंद्र, बीटू, दीपू, सुंदर सिंह, दुर्गा प्रसाद, राहुल, करुणा सिंह, मंजू, अनीता, छवि, नीलम, सोनम, रानी, अर्चना, मालती, माया देवी, सुशांत सिंह, राका, फुर्तीले कक्का आदि रहे।

# सुने घर मे घात लगाकर चोरों ने चुरा लिया लाखो का माल

## चांदी के 100 सिक्के एवम 25 नकद एवम अन्य सामान ले गए शातिर चोर

**( यंग भारत न्यूज )**

**कालपी-उरई।** बीते दिनों में स्थानीय तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रिछारा में सूने घर को निशाना बना कर अज्ञात बदमाश लाखों रुपए का माल तथा नगदी चुरा कर भाग गए। थाना चुरखी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा उप निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बिबेचना शुरू कर दी गई है। उक्त मामले के वादी किसान विनोद कुमार पुत्र दशरथ सिंह उम्र 58 वर्ष ग्राम रिछारा तहसील कालपी ने थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 19. 04.2026 की रात्रि की घटना है। प्रार्थी की लड़की की गोद भराई के संबंध में उरई सापरिवार गया हुआ था। कार्यक्रम के बाद जब प्रार्थी घर में प्रात: 4:00 बजे गया।तो प्रार्थी ने देखा कि प्रार्थी के गेट का ताला टूटा था। तभी प्रार्थी मकान के अंदर गया। तो कमरों के अंदर देखा अलमारी के लाकर टूटे पड़े थे। कपड़े बिखरे पड़े थे। जब अलमारी के लॉकर को चेक किया गया था तो उसमें रखे 100 चांदी के सिक्के व ढाई लाख रुपए किन्हीं अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ले गए। चोरी की बारात को देखकर घर वाले सन्न रह गए ?।

# सार्वजनिक प्याऊ से पानी भरने पर पड़ोसी ने महिला की पिटाई कर दी

**( यंग भारत न्यूज )**

**जालौन-उरई** । सार्वजनिक प्याऊ से पानी भरने पर पड़ोसी ने महिला की पिटाई कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रावतान निवासी कुमकुम ने पुलिस को बताया कि उसके मोहल्ले में सार्वजनिक प्याऊ लगा हुआ है। जिससे मोहल्ले के लोग पानी भरते हैं। आरोप लगाया कि मंगलवार की शाम वह प्याऊ से पानी भर रही थी। तभी उसके पड़ोसी विमलेश कुमार वहां आए और उसे पानी भरने से रोकने लगे। जब उसने कारण पूछा तो उन्होंने गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर पिटाई कर दी। इतना ही नहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

# अवैध तमंचा और कारतूस सहित युवक को पुलिस ने दबोचा

**( यंग भारत न्यूज )**

**जालौन-उरई।** किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में तमंचा व कारतूस लेकर जा रहे युवक को चौकी पुलिस ने एक तमंचा व दो कारतूस के साथ पकड़ा है। पकड़े गए युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। बुधवार की रात करीब 10 बजे चौकी प्रभारी मनीष तिवारी को सूचना मिली कि बंगरा रोड पर छहपुला के पास एक युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही वह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस को देखते ही वहां टहल रहा युवक भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर भाग रहे युवक रिंकू वाल्मीकि को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व दो कारतूस बरामद किए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

# घरेलू कामकाज को लेकर पति ने की पत्नी की पिटाई, पीड़िता पहुंची पुलिस के पास

**( यंग भारत न्यूज )**

**जालौन-उरई।** घरेलू कामकाज को लेकर पत्नी के साथ मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला घुआताल निवासी रानी देवी ने पुलिस को बताया कि उसके पति राघवेंद्र आए दिन किसी न किसी बात को लेकर घर में विवाद करते रहते हैं। शराब के नशे में घरेलू कामकाज को लेकर उसके साथ गाली, गलौज करते हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बुधवार की सुबह वह घर के काम कर रही थी तभी पति वहां आए और उसके साथ गाली, गलौज करते हुए पिटाई कर दी। इतना ही नहीं उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई की है।

# मिशन शिक्षण संवाद का शक्ति समागम कार्यक्रम

## शिक्षिकाओं ने अपने-अपने विद्यालयों में किए जा रहे रचनात्मक प्रयोगों को साझा किया

**( यंग भारत न्यूज )**

**जालौन-उरई।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों की मिसाल बनता मिशन शिक्षण संवाद का शक्ति समागम कार्यक्रम कानपुर के साकेत नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित हुआ, जहां प्रदेश भर से आई शिक्षिकाओं ने अपने-अपने विद्यालयों में किए जा रहे रचनात्मक प्रयोगों को साझा किया। कार्यक्रम में जालौन ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय नैनपुरा की प्रधानाध्यापिका रीनू पाल ने अपने विद्यालय में स्थापित म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी का प्रस्तुतीकरण कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

प्राथमिक विद्यालय नैनपुरा की प्रधानाध्यापिका रीनू पाल द्वारा विकसित यह म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी विद्यालय परिसर में बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को रोचक और जीवंत बनाने का एक अभिनव प्रयास है। इसमें बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियां, हस्तशिल्प, स्थानीय इतिहास और संस्कृति से जुड़ी वस्तुएं, शैक्षिक मॉडल और विज्ञान से संबंधित प्रोजेक्ट्स को सहेजकर प्रदर्शित किया गया है। इस गैलरी के माध्यम से बच्चे न केवल अपनी प्रतिभा को अभिव्यक्त कर रहे हैं, बल्कि देखने और समझने के जरिए व्यावहारिक ज्ञान भी अर्जित कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान रीनू पाल ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, जिज्ञासा और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि जब बच्चे अपने बनाए कार्यों को प्रदर्शित होते देखते हैं, तो उनमें सीखने की उत्सुकता स्वत: बढ़ती है और वे विद्यालय से अधिक जुड़ाव महसूस करते हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. सुलोचना मौर्य ने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयोग शिक्षा को केवल किताबों तक सीमित नहीं रखते, बल्कि उसे व्यवहारिक और आनंददायक बनाते हैं। उन्होंने कहा कि म्यूजियम और आर्ट गैलरी जैसे प्रयास बच्चों में रचनात्मक सोच विकसित करते हैं और उन्हें नई दिशा देने का काम करते हैं।

# झंडा चौराहा क्षेत्र में बढ़ती जाम और अतिक्रमण की समस्या से राहगीर और नागरिक परेशान

**( यंग भारत न्यूज )**

**जालौन-उरई।** नगर के बाजार बैठगंज, सब्जी मंडी, पानी की टंकी और झंडा चौराहा क्षेत्र में बढ़ती जाम और अतिक्रमण की समस्या से परेशान नगर के लोगों और सभासदों ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर निवासी शैलेश रूसिया समेत सभासद शीला देवी, इकरार राइन, रमाकांत प्रजापति, जयकरन दोहरे, शैलेंद्र दोहरे, दिलीप कुमार आदि डीएम राजेश पांडेय को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि नगर के बाजार बैठगंज, सब्जी मंडी, पानी की टंकी और झंडा चौराहा क्षेत्र में प्रतिदिन जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण और ठेला-रेहड़ी दुकानदार द्वारा बीच मार्ग में ठेले ठिलिया खड़ी करने से रास्ते संकरे हो गए हैं, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। अव्यवस्थित ठेलों के कारण यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है। इससे आम जनता, व्यापारी और राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। जाम की स्थिति के कारण आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित होती हैं। एम्बुलेंस जैसे जरूरी वाहनों को भी रास्ता नहीं मिल पाता, जिससे गंभीर मरीजों के लिए खतरा पैदा हो जाता है। इसके बावजूद ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात को नियंत्रित करने की व्यवस्था नहीं है। देवनगर चौराहे से फुटकर सब्जी मंडी होते हुए नत्थू चौराहा तक, बस स्टैंड से झंडा चौराहा होते हुए छोटी माता मंदिर तक, कोतवाली रोड से कांजी हाउस चौराहा तक और झंडा चौराहा से छत्रसाल चौराहा तक अतिक्रमण की समस्या है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इन सभी क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। झंडा चौराहा पर विशेष निगरानी रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू किया जाए। साथ ही ठेला-रेहड़ी संचालकों के लिए अलग से निर्धारित स्थान तय किया जाए, ताकि सड़कों वाहनों को निकलने में दिक्कत न हो। इसके अलावा कोतवाली और ट्रैफिक पुलिस की नियमित ड्यूटी सुनिश्चित की जाए।

# पुलिस ने किया छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**( यंग भारत न्यूज )**

**कोंच** नगर में एक महिला से रास्ते में अश्लील हरकत और छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।नगर की रहने वाली पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि वह नगर की एक ज्वैलर्स की दुकान पर काम करती है और रोजाना घर से दुकान आती-जाती हैं।महिला का आरोप है कि तिलक नगर निवासी सौरभ अग्रवाल पिछले कुछ समय से उसका पीछा कर अश्लील टिप्पणियां करता है। पीड़िता ने बताया कि 4 मई की शाम जब वह दुकान से घर लौट रही थी, तभी रास्ते में आरोपी ने बाइक लगाकर उसका रास्ता रोक लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मांग में सिंदूर भरा, बिछिया-पायल पहनाया... मदरसे की लड़की से गैंगरेप, लड़कों ने की ऐसी करतूत

( यंग भारत न्यूज )

**कन्नौज।** प्रदेश के कन्नौज में मदरसे की छात्रा ने तीन युवकों पर गैंगरेप का आरोप लगाया है. छात्रा के पिता के मुताबिक एक युवक उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया. फिर वहां उसे बंधक बना लिया और अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर दो दिन तक उसकी बेटी के साथ गैंगरेप किया.



इस दौरान रेप करने वालों ने उसे जबरन पायल पहनाई, मांग में सिंदूर भरा और पैरों में बिछिया भी पहनाई. घटना के दौरान किसी तरह एक अपहरणकर्ता का मोबाइल पीड़िता के हाथ लग गया तो उसने परिजनों को कॉल कर आपबीती बताई और बंधक बनाकर रखने की जगह के बारे में बताया. छात्रा को ढूंढते हुये आरोपी के घर की छत पर पहुंचे परिजनों को वह बेहोशी की हालत में बंधी पड़ी मिली. पुलिस ने मामले में पड़ताल और कार्रवाई शुरू कर दी है.

## दो दिन से लापता थी छात्रा

कन्नौज के सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्थित एक मदरसे की 14 वर्षीय छात्रा मदरसे से थोड़ी दूर एक घर की छत पर बंधी हुई बेहोशी की हालत में मिली. छात्रा दो दिन से लापता थी और मदरसे के हॉस्टल में ही रहती थी. छात्रा के लापता होने के बाद उसके परिजन उसकी लगातार तलाश कर रही थी. मंगलवार दोपहर छात्रा के पिता के मोबाईल पर कॉल आयी तो पीड़ित छात्रा ने पूरी आपबीती बतायी, जिसके बाद पिता ने मदरसे के अन्य लोगों को लेकर उसे मदरसे के पास स्थित घरों में ढूंढना शुरू किया.

## छत पर बेहोशी की हालत में मिली छात्रा

ढूंढते-ढूंढते जब वह मदरसे के पास स्थित दीपू नामक युवक के घर पहुंचे तो वहां कोई नहीं मिला और दरवाजा खुला हुआ था. छात्रा को ढूंढते हुये जब सब लोग छत पर पहुंचे तो वहां वह बेहोशी की हालत में बंधी पड़ी मिली. बिना देरी किये परिजनों ने डायल 112 पर सूचना दी, मौके पर पहुंची 112 और थाने की पुलिस टीम ने बेहोश छात्रा को जिला अस्पताल पहुंचाया.

## छात्रा के पिता ने इन तीन लोगों पर लगाया आरोप

छात्रा के पिता ने आरोपी दीपू, उसके भाई और एक अन्य मित्र पर बेटी को अगवा कर उसके साथ गैंगरेप करने की तहरीर पुलिस को दी है. पुलिस ने मामले में पड़ताल शुरू कर दी है. इस मामले पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है. मामले में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है. जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी.

# रईस महिलाओं से रेप और ब्लैकमेलिंग.. बरेली में जिम की आड़ में घिनौना खेल, अकरम और आलम ऐसे बनाते थे शिकार

( यंग भारत न्यूज )

**बरेली।** यूपी के बरेली जिम में महिलाओं के शोषण मामले में रसूखदार बिल्डिंग स्वामी कवच बनकर सामने आ गया है. कल तक जिस बिल्डिंग के बाहर जिम के बड़े-बड़े बोर्ड लगे रहते थे. बदनामी होते देखा तो रातों रात उन बोर्ड को उतरवा दिया हालांकि, पुलिस ने जिम को सील कर दिया है. इस जिम के अंदर हिंदू परिवारों की रईस घरों की महिलाओं से रेप और शारीरिक शोषण का आरोप है. इतना ही नहीं उनका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल भी किया जाता था.



पुलिस ने इस जिम के अंदर से बड़ी तादाद में आपत्तिजनक वीडियो, स्टेरॉयड और शक्तिवर्धक दवाइयां बरामद की है. फिलहाल पुलिस जिम के संचालक अकरम वेग और आलम वेग को गिरफ्तार कर अब उनसे पूछताछ करने में जुटी हुई है. दरअसल अल्टीमेट फिटनेस क्लब बरेली का फेमस जिम है. जहां पर 24 घंटे पहले तक जिम ज्वाइन करने वाली महिलाओं की भारी भीड़ रहती थी. लेकिन बरेली के इस अल्टीमेट फिटनेस क्लब के संचालक अकरम वेग और आलम वेग की करतूत ने पूरे देश की महिलाओं को दहशत में डाल दिया.


## बिल्डिंग मालिक बचाने में लगा

बरेली पुलिस जिम संचालक दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर जब उनसे पूछताछ की तो अब बिल्डिंग के रसूखदार मलिक दोनों आरोपियों के लिए कवच बनकर सामने आ गया है. उसने रातों-रात बिल्डिंग के बाहर लगे अल्टीमेट फिटनेस क्लब के बोर्ड को उतरवा दिया है. चर्चा है कि यह रसूखदार अब पुलिस और प्रशासन पर जिम में लगाए गए लॉक को खुलवाने का भी दबाव बना रहा है. वहीं पुलिस ने महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करने के बाद अकरम और आलम दोनों को गिरफ्तार कर लिया है और अब दोनों को जेल भेजने की तैयारी की जा रही है.

# पत्नी के कपड़े पहनता था पति पहले समझी मजाक. फिर करवाते दिखा कुछ ऐसा हुई बेहोश

( यंग भारत न्यूज )

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से एक हैरान और परेशान करने वाला मामला सामने आया. जहां शादी के 11 साल बाद महिला ने पति से तलाक मांगा है. महिला का मैकेनिकल इंजीनियर पति अब अपना जेंडर चेंज कर महिला बनना चाहता है.



यहां तक कि पति ने मेडिसिन लेना भी शुरू कर दिया है. वह महिलाओं की तरह श्रृंगार करता है, साड़ी पहनता है. इतना ही नहीं उसने आधार कार्ड में भी अपना नाम बदलवा लिया है. परिवार के लोगों समझाने पर भी जब वह नहीं माना तो पत्नी ने तलाक मांगा. जब बात आगे बड़ी तो पति-पत्नी ने आपसी सहमति होने पर परिवार न्यायालय में तलाक के लिए अर्जी दी है. इसी महीने फैमिली कोर्ट दोनों की तलाक की अर्जी पर फैसला करेगी. इंजीनियर ने समझौते के तहत पत्नी को 18 लाख रुपए भी दे दिए हैं. इस मामले में वकील शबनम खान ने बताया कि कोर्ट में वाद दायर है. इस दौरान जब मैंने महिला से बात की तो उन्होंने बताया कि पहले दिन यह देखकर मुझे लगा कि शायद मेरे पति ने हंसी मजाक में ऐसा किया होगा. मगर वह रोज ही साड़ी पहनने लगा और मेकअप करने लगा. तब मैंने उससे ऐसा करने के पीछे कारण पूछा, इस पर मेरे पति ने जवाब दिया कि वह रोज ही साड़ी पहनेगा क्योंकि उसे महिला बनना है. इस पर मैं शॉक हो गई. मैंने उसे समझाया, मगर वह नहीं माना. घरवालों से बोला-मुझे पुरुष नहीं औरत समझा जाए इसके बाद मैंने घरवालों को यह बात बताई. घर वालों ने भी समझाया, मगर वह नहीं माने और बोला-मुझे पुरुष नहीं औरत समझा जाए. पति ने जब किसी की नहीं सुनी तो उसने तलाक लेने का फैसला किया. पहले तो उसका पति तलाक के लिए राजी नहीं हुआ, मगर बाद में वह तैयार हो गया. दोनों ने कोर्ट में तलाक के लिए अर्जी दी है. इसी महीने फैमिली कोर्ट दोनों की तलाक की अर्जी पर फैसला करेगी. आपको बता दें, दोनों की शादी 2013 में हुई थी. ये खबर आप जस्ट अभी में पढ़ रहे हैं। उसका पति मल्टीनेशनल कंपनी में काम करता है. दोनों का शादी के चार साल बाद 2017 में बेटा हुआ. 2021 तक दोनों का वैवाहिक जीवन ठीक चल रहा था. जब वह बैंगलुरु से लौटा तो उसका व्यवहार बदल गया.

# यूपी कैबिनेट में 10 मई तक 'बड़ा फेरबदल', पुराने मंत्रियों पर लटकी तलवार, नये चेहरों को मौका

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी अब पूरी तरह से उत्तर प्रदेश की राजनीति पर फोकस कर रही है। वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने प्रदेश में दो बड़े लंबित काम मंत्रिमंडल विस्तार और संगठन में बदलाव को जल्द पूरा करने की रणनीति बना ली है। सूत्रों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में सरकार गठन की प्रक्रिया पूरी होते ही उत्तर प्रदेश में इन दोनों अहम फैसलों को अमल में लाया जाएगा।



## 10 मई से पहले हो सकता है कैबिनेट विस्तार

संभावना जताई जा रही है कि 10 मई से पहले प्रदेश मंत्रिमंडल का विस्तार किया जा सकता है, जबकि 15 मई तक संगठन के नए प्रदेश और क्षेत्रीय पदाधिकारियों की सूची भी जारी हो सकती है। इस बार के मंत्रिमंडल विस्तार की खास बात यह हो सकती है कि कुछ वरिष्ठ और उम्रदराज मंत्रियों की जगह नए और युवा चेहरों को मौका दिया जाएगा। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि युवा नेतृत्व को आगे लाकर चुनावी समीकरण को और मजबूत किया जा सकता है।

## आगामी चुनावों को ध्यान में रख किया जाएगा मंत्रिमंडल विस्तार

पार्टी के विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि 10 से 15 मई के बीच मंत्रिमंडल विस्तार और संगठन में बदलाव दोनों ही कार्यों को पूरा करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में लखनऊ से लेकर दिल्ली तक कई दौर की बैठकों और मंथन के बाद रणनीति को अंतिम रूप दिया गया है। मंत्रिमंडल विस्तार पूरी तरह से आगामी चुनावों को ध्यान में रखकर किया जाएगा, जिसमें जातीय समीकरण को साधने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। दरअसल, पार्टी नेतृत्व इन दिनों अन्य राज्यों में भी व्यस्त है। 7 मई को बिहार में नए मंत्रिमंडल का विस्तार, 8 मई को असम और 9 मई को पश्चिम बंगाल में सरकार गठन की प्रक्रिया के चलते शीर्ष नेतृत्व व्यस्त रहेगा। इसी कारण यूपी से जुड़े फैसले इन कार्यक्रमों के बाद लिए जाने की संभावना है।

## कुछ मंत्रियों को संगठन में जिम्मेदारी देने पर भी विचार

अप्रैल महीने में मंत्रिमंडल विस्तार और संगठनात्मक बदलाव को लेकर लखनऊ और दिल्ली में कई महत्वपूर्ण बैठकों का दौर चला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ-साथ पार्टी के केंद्रीय नेताओं ने भी इस पर गहन चर्चा की। 12 और 13 अप्रैल को राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने लखनऊ में रहकर पूर्व प्रदेश अध्यक्षों और मंत्रियों से फीडबैक लिया था, जिसके आधार पर आगे की रणनीति तैयार की गई। सूत्रों के अनुसार, मंत्रिमंडल विस्तार में खाली पदों को भरने के साथ ही कुछ मौजूदा मंत्रियों के प्रदर्शन के आधार पर बदलाव भी किया जा सकता है। साथ ही, कुछ मंत्रियों को संगठन में जिम्मेदारी देने पर भी विचार हुआ है। एक दर्जन से अधिक संभावित नामों पर चर्चा हुई है, हालांकि अंतिम निर्णय अभी बाकी है। जातीय संतुलन को साधने के लिए ओबीसी और दलित वर्ग को प्राथमिकता दी जाएगी, जबकि ब्राह्मण और क्षत्रिय समुदाय से भी एक-दो चेहरों को मौका मिल सकता है। इसके अलावा, सहयोगी दलों अपना दल, सुभासपा और निषाद पार्टी को भी मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है। इन दलों के मंत्री पद के लिए चेहरों का चयन संबंधित दलों के प्रमुख करेंगे। इस बार महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है। विशेष रूप से दलित और ओबीसी वर्ग की महिला विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। तीन से चार महिला विधायकों के नामों पर गंभीरता से विचार किया गया है। साथ ही, कुछ मंत्रियों के विभागों में फेरबदल और कुछ राज्यमंत्रियों को पदोन्नति देने की भी संभावना है।

# चलती बाइक पर दामाद ने सास को दी भयानक मौत, सीसीटीवी फुटेज से खुला राज

( यंग भारत न्यूज )

**हैदराबाद।** एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक दामाद ने चलती बाइक पर पीछे बैठी अपनी सास को हेलमेट से पीट-पीटकर मार डाला। शुरू में इसे एक हादसा बताकर गुमराह करने की कोशिश की गई, लेकिन सीसीटीवी फुटेज ने सारी सच्चाई सामने ला दी।



यह घटना हैदराबाद के चेंगीचेरला इलाके की है। 39 साल की कोल्ला अरुणा की उनके दामाद के स्नेहित ने ही हत्या कर दी। घटना 29 अप्रैल की है। आरोपी ने पहले कहानी बनाई कि बाइक पर जाते समय सास को मिर्गी का दौरा पड़ा और वो गिर गईं, जिससे उन्हें चोट आई। इसी कहानी के साथ वह उन्हें अस्पताल भी ले गया। लेकिन पुलिस की जांच में सच सामने आ गया। पुलिस के मुताबिक, कोल्ला अरुणा की बेटी काव्या ने करीब एक साल पहले स्नेहित से इंटर-कास्ट लव मैरिज की थी। 28 अप्रैल को अरुणा ने अपनी बेटी और दामाद को घर आने का न्योता दिया था। इसी बात पर स्नेहित भड़क गया और उसने फोन पर अरुणा को कई बार गालियां दीं। इसके बाद स्नेहित ज़बरदस्ती अरुणा को अपनी बाइक पर बिठाकर ले गया। रास्ते में दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसी दौरान, स्नेहित ने बाइक की टंकी पर रखा हेलमेट उठाया और पीछे बैठी सास के सिर पर ज़ोर से दे मारा। इस हमले से अरुणा बाइक से नीचे गिर गईं। इसके बाद स्नेहित उन्हें अस्पताल ले गया और मिर्गी के दौरे की झूठी कहानी बताई। लेकिन अरुणा के सिर पर लगी चोटों को देखकर अस्पताल के स्टाफ को शक हुआ और उन्होंने पुलिस को खबर दी।

# पति और जेठ को लुढ़का कर आई हूं लाश उठवा लो. हाथ में पिस्टल लेकर थाने पहुंची महिला पुलिस भी रह गई सन्न

( यंग भारत न्यूज )

मध्य प्रदेश में प्रॉपर्टी विवाद को लेकर एक महिला ने अपने पति और जेठ की गोली मारकर हत्या कर दी और फिर अपराध में इस्तेमाल पिस्टल के साथ थाने जाकर सरेंडर कर दिया. आरोपी महिला ने यह कहते हुए सरेंडर किया कि पति और जेठ को लुढ़का कर आई हूं, दोनों की लाश उठवा लो.



पति और जेठ को लुढ़का कर आई हूं, लाश उठवा लो.', हाथ में पिस्टल लेकर थाने पहुंची

हाथ में पिस्टल पकड़े हुए महिला के मुंह से यह शब्द सुनते ही पुलिसकर्मी अपनी-अपनी कुर्सी से खड़े हो गए.महिला ने पहले अपने पति और फिर अपने जेठ को गोली मारी. सविता (35) एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता है. शुरुआती जांच में यह मामला संपत्ति विवाद का नतीजा बताया जा रहा है.

**5 करोड़ की जमीन का विवाद**

इस मामले में आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि फोरलेन हाइवे पर उसकी 5 करोड़ रुपए कीमती जमीन को जेठ दिनेश हथियाना चाहता था. इसी के चलते पति राधेश्याम को नशा कराता था. जेठ के बहकावे में आकर पति भी आए दिन मारपीट करता था. सोमवार सुबह सुबह पति गाली दे रहा था, इसके चलते गुस्से में आकर बिस्तर के नीचे से पिस्टल निकाली. पहले जेठ को गोली मारी और फिर पति को मौत के घाट उतार दिया. महिला ने रोज रोज की मारपीट और हिंसा से तंग आकर यह कदम उठाने का दावा किया. उसका कहना था कि 2 बेटियों और एक बेटे के भविष्य की खातिर उसने इस वारदात को अंजाम दिया.

**कहां से आई पिस्टल?**

परिजनों ने इस दोहरे हत्याकांड पर सवाल उठाए हैं. मृतकों के पिता और आरोपी महिला के ससुर का कहना है कि दोनों भाइयों दिनेश और राधेश्याम के बीच जमीन का बंटवारा पहले से था तो विवाद की स्थिति क्यों बनी ? आखिर घर में पिस्टल कहां से आई ? इन सभी मामलों की बारीकी से छानबीन की जाए और आरोपी बहू को सख्त से सख्त सजा मिले.

**इनका कहना**

एडिशनल एसपी नीतीश भार्गव ने बताया कि घरेलू विवाद और जमीन के विवाद को लेकर महिला ने क्रोध में आकर यह कृत्य किया है. ये खबर आप गज़ब वायरल में पढ़ रहे हैं। आरोपी महिला ने हथियार के साथ थाने में सरेंडर कर दिया. एफएसएल की टीम जांच में जुटी है और एविडेंस इकट्ठा किया जा रहे हैं. आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है.

# जिम में पॉवर के नाम पर नशीली ड्रिंक, रेप कर बनाया अश्लील वीडियो, शिकंजे में सगे भाई

( यंग भारत न्यूज )

**बरेली।** प्रदेश के बरेली जिले में एक जिम ट्रेनर द्वारा महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी और ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी जिम संचालक ने 'प्री-वर्कआउट ड्रिंक' में नशीला पदार्थ पिलाकर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म किया और फिर अश्लील वीडियो के जरिए दो साल तक उनका यौन शोषण और आर्थिक उत्पीड़न किया। पुलिस ने मुख्य आरोपी जिम ट्रेनर और उसके भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## ड्रिंक में नशा और सीसीटीवी से रिकॉर्डिंग

पुलिस के अनुसार, सिविल लाइंस क्षेत्र की रहने वाली एक महिला डॉक्टर ने मई 2024 में मुख्य डाकघर के पास स्थित 'अल्टीमेट फिटनेस क्लब' जिम ज्वाइन किया था। वहां के संचालक और ट्रेनर अकरम खान ने पहले डॉक्टर का विश्वास जीता और फिर एक दिन वर्कआउट के दौरान उन्हें ऊर्जा बढ़ाने (पावर ड्रिंक) के नाम पर नशीला पदार्थ पिला दिया। जब डॉक्टर बेहोश हो गईं, तो अकरम ने उनके साथ दुष्कर्म किया और जिम में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए पूरी वारदात का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

## 50 लाख की मांग और अश्लील वीडियो की धमकी

आरोपी अकरम खान इसी वीडियो के आधार पर डॉक्टर को ब्लैकमेल करने लगा। उसने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर न सिर्फ बार-बार रेप किया, बल्कि उनसे लाखों रुपये भी वसूल लिए। मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से तंग आकर डॉक्टर ने जनवरी 2026 से जिम जाना छोड़ दिया, लेकिन आरोपी का जुल्म कम नहीं हुआ। 3 मई को अकरम ने डॉक्टर को फोन कर 50 लाख रुपये की मांग की और पैसे न देने पर जेवर व प्लॉट बेचने का दबाव बनाया। इस साजिश में अकरम का भाई आलम भी बराबर का साझीदार था।

## पुलिस की कार्रवाई और बरामदगी

सीओ सिटी आशुतोष शिवम ने बताया कि डॉक्टर की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने अकरम और उसके भाई आलम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से दो पेन ड्राइव बरामद की हैं, जिनमें डॉक्टर के अश्लील वीडियो भरे थे। इसके अलावा दो मोबाइल, रंगदारी के 10 हजार रुपये और भारी मात्रा में शक्तिवर्धक दवाएं व प्रतिबंधित इंजेक्शन भी मिले हैं। पुलिस ने वारदात स्थल यानी जिम को सील कर दिया है और मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# डर के आगे ही जीत है - 28 विधानसभा सीटों में से 27 पर भाजपा का विजयी शंखनाद

## पश्चिम बंगाल चुनाव की कहानी, महिला आयोग सदस्या की जुबानी

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** हाल ही में पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने तीन राज्यों में प्रचंड जीत दर्ज की। इन चुनावों में पश्चिम बंगाल की जीत को खास तौर पर वहां के लोगों के लिए 'डर से मुक्ति' के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, आज भी कई लोगों के मन में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रभाव और भय की छाया पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है।



उप्र की महिला आयोग सदस्य अनुपमा लोधी, जिन्होंने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी संभाग के पांच जिलों की 28 विधानसभा सीटों पर करीब दो महीने तक प्रचार-प्रसार किया, ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह जीत केवल राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक बदलाव की भी प्रतीक है। उनके अनुसार, भाजपा ने इन 28 सीटों में से 27 पर जीत हासिल की, जबकि एक सीट पर महज लगभग 2000 मतों से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपने दो महीने के अनुभव को 'खौफनाक' बताते हुए कहा कि शुरुआत में वहां संगठन लगभग न के बराबर था। कार्यकर्ताओं ने जमीनी स्तर पर संगठन खड़ा किया और लोगों को जागरूक किया। लेकिन सबसे बड़ी चुनौती वहां का भय का माहौल था। लोग खुलकर बोलने से डरते थे, केवल सुनते थे, प्रतिक्रिया देने से कतराते थे। यह डर कथित रूप से टीएमसी समर्थित असामाजिक तत्वों का था, जो कभी भी हिंसा कर सकते थे। उन्होंने बताया कि इस दौरान उन्हें किसी भी घर में बैठकर चाय तक नहीं मिली, क्योंकि लोग डर के कारण खुलकर समर्थन जताने से हिचकते थे। 'मां, माटी और मानुष' के नारे पर बनी टीएमसी सरकार पर उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में इन मूल्यों का वास्तविक अर्थ ही बदल गया। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव से ठीक पहले उन्हें अपनी बेटी की विदाई जैसे महत्वपूर्ण पारिवारिक क्षण को छोड़कर पार्टी के निर्देश पर पश्चिम बंगाल जाना पड़ा। लेकिन वहां उन्हें हजारों परिवारों का दर्द बांटने का मौका मिला। जब वे लोगों से संगठन में जुड़ने की बात करतीं, तो जवाब मिलता— 'वोट देंगे, लेकिन जुड़ेंगे नहीं, वरना जान का खतरा है। इसके बावजूद, उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास था कि बदलाव संभव है। स्थानीय लोगों ने भी इस विश्वास को बनाए रखा और अंततः परिणाम उसी के अनुरूप आया। जब वे कुछ दिनों के लिए झांसी लौटने की बात करती थीं, तो स्थानीय लोग निराश हो जाते थे, मानो उनका सहारा छिन रहा हो। अंत में उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल का यह अनुभव सिखाता है कि 'डर के आगे ही जीत होती है।'

# भाजपा-एनडीए की विजय के उपलक्ष्य में भाजपा नेता प्रवीण सिंह के कार्यालय उत्साहपूर्ण विजय उत्सव आयोजित

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** बंगाल, असम एवं पुदुचेरी में भाजपा-एनडीए की विजय के उपलक्ष्य में भाजपा नेता प्रवीण सिंह के कार्यालय उत्साहपूर्ण विजय उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व, गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के प्रेरणादायी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रवीण सिंह, जिन्होंने दो माह तक निरंतर प्रवास कर सक्रिय भूमिका निभाई, उनका कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उत्सव के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला। सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं, पारंपरिक झलमुड़ी का आनंद लिया तथा आतिशबाजी कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।



# पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री वर्मा ने दी माँ सरस्वती देवी को श्रद्धांजलि

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसराय ( झाँसी )** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा समाजसेवी सतीश चंद्र चौरसिया एडवोकेट के निवास पर पहुँच कर उनकी माता जी सरस्वती देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की इस मौक़े पर उन्होंने कहा कि माता पिता के आशीर्वाद से ही हम सभी आगे बढ़ते हैं बिना माता पिता के आशीर्वाद से हम किसी भी कार्य में सफल नहीं हो सकते माता पिता का साया ही हमारी रक्षा करता है इस मौक़े पर जिनेंद्र जैन अभिनव मिश्रा सत्यम सिंह कैलाश मिश्रा अवधेश सिंह फोजी रामनारायण पसतोर देवेंद्र पटेल शैलेन्द्र पाँचाल आत्माराम फ़ौजी नीरज सीला राजेश मिश्रा ब्रजेश खरे राजेंद्र साहू मनोज नायक कपिल सोनी धर्मेंद्र पटेल नवनीत नायक ऋतिक सोनी राहुल साहू शिवम जोशी सहित तमाम नेता गढ उपस्थित रहे।



# ग्रामोद्योगी इकाईयों/ उद्यमियों को पुरस्कार हेतु आवेदन

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** ।वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्रामोद्योगी इकाईयों / उद्यमियों को पुरस्कार हेतु प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम योजना / मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 या इससे पूर्व न्यूनतम 03 वर्ष पुरानी स्थापित / निरन्तर कार्यरत् इकाईयों के पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, इलाइट सिनेमा के पीछे झांसी से प्राप्त कर सकते है, आवेदन करने की अन्तिम तिथि 15.05.2026 तक निर्धारित है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में एवं मोबाईल नं0 7408410797 या 9935118886 पर सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी भी प्राप्त कर

# भीषण गर्मी में पाली हाउस से चमकी किस्मत: ओरछा के किसान भरत सिंह बने प्रेरणा स्रोत

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** बुंदेलखंड क्षेत्र में जहां तापमान 45-46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है, वहीं ओरछा (मध्य प्रदेश) के प्रगतिशील किसान भरत सिंह ने आधुनिक खेती तकनीक अपनाकर विपरीत परिस्थितियों को अवसर में बदल दिया है।



किसान भरत सिंह ने रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय के सब्जी विज्ञान विभाग के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ.राजेश कुमार सिंह से तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त कर अपने खेत में एक एकड़ क्षेत्र में पाली हाउस स्थापित किया। इस पहल ने उनके कृषि कार्य में नई दिशा दी है। अधिकतर किसान हरी शिमला मिर्च लगाते हैं,वही वर्तमान में वे अपने पाली हाउस में उच्च गुणवत्ता वाली रंगीन शिमला मिर्च, विशेष रूप से पीली एवं लाल शिमला मिर्च की सफलतापूर्वक खेती कर रहे हैं। उनकी उपज को बाजार में अच्छी कीमत मिल रही है, इससे उनकी आय में वृद्धि हुई है। भरत सिंह की सफलता केवल उनके व्यक्तिगत लाभ तक सीमित नहीं है। वे अपने अनुभव और तकनीकी ज्ञान को आसपास के किसानों के साथ साझा कर रहे हैं और उन्हें पाली हाउस तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनके प्रयासों से क्षेत्र के अन्य किसान भी आधुनिक सब्जी उत्पादन तकनीकों को अपनाकर अपनी आय बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस प्रकार, भरत सिंह न केवल स्वयं प्रगति कर रहे हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र में कृषि नवाचार और समृद्धि के प्रेरणास्रोत बनकर उभर रहे हैं।

# बारिश के दौरान जनपद के पारीछा, सुकुवां ढुकुवां डैम एंव बरुआसागर झील पर सावधानी के बोर्ड लगाए जाएं ताकि लोगों को दुर्घटना से बचाया जा सके : जिलाधिकारी

**झाँसी।** जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट नवीन भवन सभागार में सम्भावित बाढ़ के मद्देनजर राहत एवं बचाव कार्य से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी आपदा के आने से पूर्व व बाद की कार्ययोजना बनाकर जनसमुदाय को राहत पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सम्भावित बाढ़ एवं अतिवृष्टि को दृष्टिगत रखते हुए राहत एवं बचाव कार्य से जुड़े सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी अपनी-अपनी कार्य योजना, विगत वर्षो में आयी बाढ़/जल भराव के अनुभव के आधार पर तैयार कर लें ताकि यदि जिले में अचानक बाढ़ भी आ जाती है तो तत्काल बाढ़ पीड़ितों को राहत एवं सहायता प्रदान की जा सके।



उन्होने कहा कि विगत वर्षो में आयी बाढ़ अथवा बांधों से वर्षा जल छोड़े जाने के कारण बाढ़ जैसी स्थिति के अनुभव के आधार पर कितने गॉव बाढ़ से प्रभावित हुए , सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उन गांवों का दौरा एवं गांव वालों से सीधा संवाद स्थापित कर उनके द्वारा दिये गये सुझाव के आधार पर राहत एवं बचाव कार्य के लिए पूरी तैयारी चाक-चौबन्द कर ली जाए ताकि यदि बाढ़ भी आ जाती है तो तत्काल बाढ़ पीड़ितों की मदद और सहायता करके उन्हें सुरक्षित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा के दौरान सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करके बाढ़ पीड़ितों की मदद करें, उन्होंने कहा कि सूचना प्राप्त होते ही ज्यादा से ज्यादा लोगों को सूचनाएं उपलब्ध कराएं ताकि सभी सतर्क हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि विगत वर्षो में आयी बाढ़ अथवा बांधों से छोड़े गए पानी के दौरान कितने क्यूसेक पानी बाढ़ में आया था। उसी के मद्देनजर राहत एवं बचाव कार्य के सभी तैयारियां चाक चौबन्द कर ली जाए, ताकि सम्भावित बाढ़ यदि आ भी जाती है, तो तत्काल बाढ़ प्रभावित गाँवों में बाढ़ पीड़ितों को राहत मुहैया करायी जा सके। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिको ने इस बार भी सामान्य से अधिक बारिश की सम्भावना व्यक्त की है। राहत एवं बचाव कार्य से जुड़े सभी सम्बन्धित अधिकारी इसको ध्यान में रखते हुए विभागीय कार्ययोजना तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि जिन बाधों एवं स्पर का कार्य अधूरा है मरम्मत कार्य चल रहा है उसे युद्ध स्तर पर बरसात से पूर्व ही पूरा कराने का निर्देश उन्होंने दिया है। उन्होंने अधिशासी अभियंता बाढ़ कार्य खण्ड को निर्देश दिया है कि वे जिले में स्थापित सभी बांधों/स्परों का बारीकी से अपने टीम के साथ निरीक्षण करके बारीकी से देख लें, यदि कहीं मरम्मत की जरूरत है तो तत्काल करवा दें और संवेदनशील बांधों पर पैनी नजर रखें। उन्होने सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि बाढ़ अथवा जल भराव से प्रभावित होने वाले गॉव में राहत शिविर की स्थापना अधिकारियो/कर्मचारियों की तैनाती, नाव एवं नाविक की सूची, ब्लाक एवं ग्राम आपदा प्रबन्धन समिति का गठन, जीवनरक्षक उपकरण, मोटरवोट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। उन्होने बाढ़ खण्ड के अभियंताओं को निर्देश दिया है कि सभी बन्धों के उचित स्थान पर पर्याप्त बोल्डर, बालू की बोरी, नाइलान एवं जियायीक्रेट की व्यवस्था करें। उन्होने विद्युत विभाग के अभियन्ताओं को निर्देश दिया कि बाढ़ क्षेत्र में बिजली के खम्भे एंव तारों को मजबूत करें। बाढ़ आने की स्थिति में विद्युत आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था भी करें। उन्होने राहत वितरण/खाद्यान्न सामाग्री का पैकेट आदि वितरण के सम्बन्ध में जो व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जानी है उन्हें कर लिया जाए। उन्होने निर्देश दिया है कि जनपद की सभी 40 बाढ़ चौकियों पर स्वास्थ्य टीम की व्यवस्था के साथ-साथ बरसात के दिनों में होने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाव हेतु तथा यदि किसी भी व्यक्ति के बाढ़ के दौरान सांप काट लेता है तो उनसे बचाव हेतु एंटीवेनम सहित अन्य व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त रखा जाए। सम्भावित बाढ़ को देखते हुए पशुओं को चारे की कोई दिक्कत न होने पावे, इसके लिए भूसा के इंतेजाम की आवश्यक कार्यवाही तथा पशुओं को बरसात के दिनों में होने वाली बीमारियों के बचाव हेतु शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने हेतु सीवीओ को निर्देश दिया। उन्होने बताया है कि जिले के सम्भावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के ऐसे गाँव जहां पर बाढ़ के आने की प्रबल सम्भावना रहती है।

## साहित्यकार रघुबीर खरे के निधन पर जताया शोक

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** वरिष्ठ साहित्यकार रघुबीर शरण खरे हरदुआ के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा वरिष्ठ साहित्यकार शिशुपाल सिंह सरस के आवास पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ सुकदेव व्यास की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई,जिसमें दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई।

शोक सभा में के के तिवारी,चन्द्रभान सिंह चंदर,विवेक बरसै या,पूजा ठाकुर,डॉ सावित्री शर्मा,डॉ प्रतिज्ञा गुप्ता, ओमप्रकाश पंडा,अशोक सेन आदि साहित्यकार उपस्थित रहे।

## निधन पर जताया शोक

( यंग भारत न्यूज )



**टहरौली।** कस्बा स्थित आदर्श जनप्रिय इंटर कालेज में एक शोक सभा का आयोजन प्रधानाचार्य सुनील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया जिसमे विद्यालय में कार्यरत कर्मचारी विपिन कुमार की दादी क्रांति देवी पत्नी रघुवर दयाल पूर्व अध्यापक ढुरबई का 75 वर्ष की आयु में निधन हो जाने पर गहरी शोक संबेदना प्रकट की गई एवं शोकाकुल परिवार को धैर्य धारण करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई शोक सभा में महेश चौरसिया बलबीर सिंह योगेश सेन रोहित पटेल डॉ प्रियंका खरे पूनम यादव विश्वास रविंद्र दीक्षित आदित्य चतुर्वेदी पुष्पेंद्र रिछरिया पवन शर्मा मुकेश पाल आदि मौजूद रहे।

# महिला ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या परिवार में मचा कोहराम

( यंग भारत न्यूज )

**बबेरू/बाँदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के निभौर गांव में महिला ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या परिवार में मजा कोहराम पुलिस सबको पोस्टमार्टम के लिए भेजा बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत निभौर गांव के मजरा अरखन महुली की रहने वाली सीता देवी पत्नी कृष्ण पाल निषाद उम्र करीब 28 वर्ष, यह घर में छप्पर मे दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, जैसे ही परिजनों ने देखा तो कोहराम मच गया।

वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बबेरू कोतवाली पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को सूचना दिया, मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल किया है, उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है। वहीं पुलिस के द्वारा इस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है, वही यह जानकारी बबेरू कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत के द्वारा दी गई है। और कहां है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, सड़क पर उतरीं महिलाएं

## कहा- भेदभावपूर्ण कार्रवाई की जा रही, बड़े लोगों पर कोई एक्शन नहीं

**झांसी।** नगर निगम की अतिक्रमण निरोधी कार्रवाई, विरोध और पक्षपात पूर्ण कार्रवाई के आरोप भी लगे। झांसी नगर निगम ने शहर में अतिक्रमण हटाने को लेकर बुधवार को बड़ा अभियान शुरू किया। चित्रा चौराहा से पंचतंत्र पार्क तक सड़क चौड़ीकरण के लिए पांच बुलडोजर लगाए गए और कई जगहों पर तोड़फोड़ की गई। इस दौरान कई मकानों और दुकानों पर पहले से लगाए गए लाल निशानों के आधार पर कार्रवाई की गई। नगर निगम के अनुसार, कमिश्नरी कार्यालय और विकास भवन की ओर जाने वाले मार्ग को 55 फीट चौड़ा किया जाना है।



इसी योजना के तहत अपर नगर आयुक्त राहुल यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पैमाइश के बाद अतिक्रमण हटाने का काम शुरू कराया। शुरूआत में स्थानीय लोगों ने कार्रवाई में सहयोग किया, लेकिन एक होटल पर कार्रवाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि उनके घर और दुकानों को चिन्हित सीमा के अनुसार तोड़ा गया, जबकि होटल के मामले में नरमी बरती जा रही है। उनका कहना था कि होटल का अतिक्रमण एक फीट पहले से तोड़कर उसे फायदा दिया गया। विरोध बढ़ने पर निगम अधिकारियों ने कुछ देर के लिए होटल पर कार्रवाई शुरू की, लेकिन बाद में बुलडोजर हटा लिया गया। इससे नाराज महिलाएं सड़क पर उतर आईं और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करने लगीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि होटल मालिक का संबंध एक पूर्व विधायक से होने के कारण उसे बचाया जा रहा है। फिलहाल नगर निगम की कार्रवाई जारी है। अभियान के दौरान मेजर ध्यानचंद स्टेडियम के सामने स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा के बाहर बने एटीएम बूथ का मामला भी सामने आया। जांच में पाया गया कि बूथ का एक हिस्सा नाले पर अतिक्रमण कर बनाया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इसी कारण नाले का निर्माण अधूरा है। हालांकि, जब नगर निगम की टीम ने इस एटीएम बूथ को हटाने की कोशिश की, तो प्रॉपर्टी मालिक ने आपत्ति जताई और कार्रवाई रुकवा दी। इसके बाद टीम बिना तोड़फोड़ किए आगे बढ़ गई। नगर निगम की इस मुहिम पर अब निष्पक्षता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। जहां एक ओर आम लोगों के मकान और दुकानों पर बुलडोजर चल रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ जगहों पर कार्रवाई रुकने से लोगों में असंतोष दिखाई दे रहा है। स्थानीय निवासी सौम्या कनौजिया ने आरोप लगाया कि उनके घर 16 फीट के हिसाब के तोड़े जा रहे, जबकि होटल और एटीएम पर नरमी दिखाई जा रही। महिला पुष्पा ने बताया कि हम लोगों को विकास कार्य से कोई परेशानी नहीं, लेकिन जो भेदभावपूर्ण कार्रवाई की जा रही है वह ठीक नहीं। वह कपड़ों पर प्रेस करने का काम करती हैं। कहा कि हमारा मकान नियम अनुसार तोड़ा गया, उसमें कोई आपत्ति नहीं लेकिन बगल में होटल पर रियायत क्यों बरती जा रही।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718